

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 03 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-186 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## मन की बात: 11 साल का संवाद जो बना नए भारत का स्वर

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात आज शुक्रवार को अपने 11 साल पूरे कर रहा है। पहला मन की बात कार्यक्रम विजयादशमी के अवसर पर 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित किया गया था। इसके बाद दूसरा प्रसारण 2 नवंबर 2014 को हुआ। अब तक 126 एपिसोड्स के साथ जन-जन तक पहुंच चुका यह कार्यक्रम, केवल एक रेडियो शो नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। यह सरकार और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करता है, सामाजिक बदलाव को प्रेरित करता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मन की बात ने न केवल नीतियों को जन-आंदोलन में बदला, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे एक नेता की आवाज़ देश के हर कोने तक पहुंच सकती है। दरअसल, मन की बात 11 वर्षों में एक रेडियो शो से कहीं अधिक बन चुका है। यह एक सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक मंच है, जो जनता की भागीदारी, नीतिगत प्रचार और सांस्कृतिक एकता को जोड़ता है। यह पारंपरिक और डिजिटल मीडिया के संयोजन से संदेश को हर कोने तक पहुंचाता है, सामाजिक बदलाव को प्रेरित करता है और राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। मन की बात न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नेताओं के लिए एक मिसाल है कि कैसे वैकल्पिक मीडिया के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जा सकता है। यह भारत की बदलती तस्वीर का प्रतीक है, जो एकजुटता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है।

**जनता से सीधा संवाद: एक अनोखा मंच**-मन की बात का सबसे बड़ा आकर्षण इसका सरल, संवादी और गैर-राजनीतिक स्वरूप है। इस संवाद में ऐसा प्रतीत होता है, मानो प्रधानमंत्री प्रत्येक नागरिक से व्यक्तिगत रूप से बात कर रहे हों। स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों जैसे विषयों पर केंद्रित यह कार्यक्रम राजनीतिक विवादों से दूर रहता है। यह सामान्य लोगों की कहानियों को राष्ट्रीय मंच देता है, जैसे स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों या छोटे उद्यमियों की सफलता की कहानियां। कार्यक्रम की क्षेत्रीय और भाषाई समावेशिता इसे और प्रभावी बनाती




है। हिंदी के साथ-साथ इसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में प्रसारित किया जाता है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के व्यापक नेटवर्क, जिसमें डीडी फ्री डिश के 48 रेडियो और 92 निजी टीवी चैनल शामिल हैं, इसे ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों तक ले जाते हैं। मायगव पोर्टल, नमो ऐप, पत्र और वॉयस मैसेज के माध्यम से जनता के सुझावों को शामिल करना इसे लोकतांत्रिक बनाता है। यह न केवल नागरिकों को अपनी आवाज़ उठाने का मौका देता है, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास भी बढ़ाता है।

**सामाजिक बदलाव और नीति का जन-आंदोलन**-मन की बात ने सामाजिक और व्यवहारिक बदलाव को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आत्मनिर्भर भारत और जल संरक्षण जैसे अभियानों को इसने जन-आंदोलन का रूप दिया। उदाहरण के लिए, स्वच्छता पर आधारित एपिसोड्स ने सफाई को सामूहिक जिम्मेदारी में बदला, जबकि वोकल फॉर लोकल ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। कोविड-19 महामारी के दौरान इसने फ्रंटलाइन वर्कर्स और पारंपरिक प्रथाओं जैसे योग को उजागर कर संकट को एकजुटता की कहानी में बदला। यह कार्यक्रम नीतियों को लागू करने और जनता को प्रेरित करने के बीच की खाई को पाटता है। स्कूलों, ग्राम पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित सामूहिक सुनने के सत्र सामुदायिक जागरूकता को बढ़ाते हैं। साथ ही, यह बिना अतिरिक्त खर्च के आकाशवाणी के संसाधनों से निर्मित होता है और अब तक लगभग 35 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर चुका है, जो इसकी लागत-प्रभाविता को दर्शाता है।

**बहु-मंच रणनीति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद**-मन की बात की सफलता का आधार इसकी बहु-मंच रणनीति है। रेडियो की सादगी इसे ग्रामीण और इंटरनेट से वंचित क्षेत्रों तक पहुंचाती है.

## संक्षेप

### Google में फिर चली छंटनी की कैंची!

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** गूगल में छंटनी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है. एआई टेक्नोलॉजी के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के बीच कंपनी लगातार अपने स्ट्रक्चर में बदलाव कर रही है. पिछले महीने जहां गूगल ने लगभग 200 कर्मचारियों की छुट्टी कर दी थी, वहीं अब फिर से 100 से ज्यादा स्टाफ को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार छंटनी का असर डिजाइनिंग और रिसर्च से जुड़े कर्मचारियों पर पड़ा है. इनमें ज़्यादातर लोग गूगल क्लाउड डिविजन के क्वांटिटेटिव यूज़र एक्सपीरियंस रिसर्च, प्लेटफॉर्म और सर्विस एक्सपीरियंस विभाग में काम कर रहे थे. इनकी जिम्मेदारी डेटा, सर्वे और रिसर्च के जरिए यूजर बिहेवियर समझने और प्रोडक्ट डिजाइन को बेहतर बनाने की थी. कुछ टीमों में स्टाफ की संख्या आधी कर दी गई, जबकि कई कर्मचारियों से कहा गया है कि वे दिसंबर तक कंपनी में किसी नई भूमिका के लिए तैयार रहें. गूगल का कहना है कि यह छंटनी उसकी संस्थागत रणनीति का हिस्सा है. कंपनी अब एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में ज्यादा निवेश कर रही है और अपने संसाधनों को उन प्रोजेक्ट्स में लगा रही है जो भविष्य में बिज़नेस के लिए ज्यादा अहमियत रखते हैं.

### दुकान से फोन छीनकर भागे 3 नाइजीरियन युवक गिरफ्तार

**रायपुर,3 अक्टूबर।** राजधानी में बीती तीन नाइजीरियाई युवक मोबाइल दुकान से मोबाइल लूटकर फरार हो गए. तीनों एक कार में आए थे. युवक मोबाइल रिपेयरिंग कराने पहुंचे थे. रिपेयरिंग का चार्ज दिए बिना वे दुकानदार से मोबाइल छीन कर कार से भाग निकले, लेकिन उन्हें आगे भीड़ ने उन्हें घेर लिया. एक युवक कार से बाहर निकला और दूसरे ने तेजी से कार चलाकर वहां से भाग निकलने में सफल रहा. इस दौरान उसने कई लोगों को टक्कर भी मारी. फिलहाल तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक तीनों नवा रायपुर के एक निजी विवि में पढ़ाई करते हैं. रवि भवन में एक युवक ने दो दिन पहले मोबाइल रिपेयरिंग करवाने दिया था. बुधवार को युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ रवि भवन पहुंचा. दुकान से मोबाइल लेने के बाद बिल का 12 हजार रुपए दिए बिना ही अपनी कार में बैठने लगा. दुकानदार ने रोका तो वह बहस करते हुए कार में बैठ गया. फिर कार से भागने के दौरान कई लोगों को टक्कर भी मारी.

## कांग्रेस नेता ने मोदी को कहा 'आधुनिक रावण'

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। कांग्रेस के सीनियर नेता उदित राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना दशहरे पर जलाए जाने वाले दस सिर वाले रावण से कर डाली। एक बातचीत में उदित राज ने तंज कसते हुए कहा, 'पीएम मोदी आज के दौर के रावण हैं। जिस तरह वह अपना सोने का महल बना रहे हैं, उसमें प्रवेश करते ही वह इसे जलता हुआ देखेंगे।' इस बयान की



बीजेपी ने तीखी आलोचना की है। बीजेपी ने इसे कांग्रेस की नफरत की राजनीति करार दिया है। बीजेपी ने इस बयान पर कड़ा एतराज जताया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'कांग्रेस का एकमात्र मकसद पीएम मोदी और भारत के खिलाफ नफरत फैलाना है। यह उनकी पुरानी आदत बन चुकी है।' पूनावाला ने उदित राज के पुराने बयानों का हवाला देते हुए कहा कि वह पहले भी माओवादियों का समर्थन और आरएसएस को 'आतंकी' बताने जैसे विवादित बयान दे चुके हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि विपक्षी नेताओं ने पहले पीएम की मां का कथित तौर पर अपमान किया था। पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा, 'कांग्रेस की असलियत यही है। एक तरफ पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, जो आरएसएस के संस्कारों को दर्शाता है। दूसरी तरफ राहुल गांधी पीएम को लाठी से मारने की बात करते हैं और उनकी ओबीसी जाति पर तंज कसते हैं।' पूनावाला ने कांग्रेस के 'मोहब्बत की दुकान' नारे पर चुटकी लेते हुए कहा, 'यह मोहब्बत की दुकान नहीं, बल्कि नफरत के भाईजान है। समय-समय पर ये लोग चुनाव आयोग, भारत और सनातन संस्कृति पर हमला बोलते रहते हैं।'

## डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार: अमित शाह

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डेयरी सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शुक्रवार को इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (IMT), रोहतक में 325 करोड़ रुपये की लागत से बने साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। यह डेयरी प्लांट देश की सबसे बड़ी दही, छाछ और योगर्ट उत्पादन सुविधा है। इसकी दैनिक क्षमता 150 मीट्रिक टन दही, तीन लाख लीटर छाछ, दस लाख लीटर योगर्ट और दस मीट्रिक टन मिठाई है। उद्घाटन समारोह में अमित शाह ने कहा, "डेयरी सेक्टर पोषण का एक मजबूत स्रोत है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ किसानों की समृद्धि में भी योगदान देगा।" गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया कि उन्होंने लंबे समय से चली आ रही मांग पर 'सहयोग मंत्रालय' की स्थापना की। उन्होंने कहा, "यह वही भूमि



है जहां भगवान कृष्ण ने पहली बार भगवद् गीता का ज्ञान दिया।" उन्होंने हरियाणा की मातृत्व शक्ति को नमन करते हुए कहा कि यह छोटा राज्य होते हुए भी हमारी अर्धसैनिक और सशस्त्र सेनाओं में सबसे अधिक योगदान देता है। साबर डेयरी प्लांट अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित है और इसके चलते लगभग 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। गुजरात के साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के नाम से प्रसिद्ध साबर डेयरी वर्तमान में राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों को सेवा देती है। गृह मंत्री ने बताया कि अगले वर्ष इस प्लांट की क्षमता में विस्तार किया जाएगा। अमित शाह ने कहा, "यह प्लांट NCR और उत्तरी भारत के किसानों की आय में वृद्धि करेगा और हरियाणा के हर कोने में किसानों को लाभ पहुंचाएगा।" इसके बाद गृह मंत्री खादी कारिगर महोत्सव में 2,200 कारीगरों को टूल किट वितरित करेंगे और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (PMEGP) के तहत 301 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेंगे। इसके अलावा PMEGP यूनिट्स और खादी ग्रामोद्योग भवन का भी उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र में तीन नए आपराधिक कानूनों पर पांच दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और लगभग 825 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

## 'आई लव मोहम्मद' के प्रदर्शन पर योगी सरकार के एक्शन से भड़के भाजपा नेता, इस्तीफे की धमकी

**लखनऊ,3 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के बरेली और कानपुर जैसे शहरों में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरने वाली भीड़ के खिलाफ योगी सरकार की सख्ती पर भाजपा के अंदर ही आवाज उठी है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा नेता जहांजैब सिरवाल ने योगी सरकार के ऐक्शन पर ऐतराज जताया है और कहा कि यह सबका साथ और सबका विकास के नारे के विपरीत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पुलिस जिस तरह ऐक्शन ले रही है, वह बदले की कार्रवाई करने जैसा है। इससे मुसलमानों का भरोसा भाजपा सरकार पर कम हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो मेरे पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। जहांजैब सिरवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जो हालात हैं, वह पीएम नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के विजन के खिलाफ है। एक समुदाय के खिलाफ गैर-जरूरी सख्ती, विभाजनकारी धमकियां ठीक नहीं हैं। इससे माहौल खराब होता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक समुदाय के खिलाफ ही नहीं बल्कि निष्पक्ष ऐक्शन होना चाहिए। कोई



भी गलत करे, उसके खिलाफ निष्पक्ष जांच हो और फिर उसके अनुसार ही ऐक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार की ओर से मुस्लिमों में भरोसा जगाने के लिए कोई ठोस ऐक्शन नहीं लिया जाता तो उनके पास इस्तीफे के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। बता दें कि यूपी में बरेली से लेकर कानपुर तक आई लव मोहम्मद के पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरने वाली भीड़ के खिलाफ ऐक्शन हुआ है। इसके तहत कानपुर में 24 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। यह वाकया 4 सितंबर का है, जब पैंगबर मोहम्मद के जन्मदिन यानी मिलाद-उन-नबी के मौके पर लोग ऐसे पोस्टर लेकर निकले थे। इसके बाद 26 सितंबर को बरेली में भीड़ ऐसे पोस्टर लेकर निकली थी। इस दौरान पुलिस से झड़प भी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में 68 लोगों को अरेस्ट किया था। इनमें एक स्थानीय मौलवी भी शामिल हैं। यही नहीं सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना था कि वह सख्त ऐक्शन लेंगे और किसी मौलाना को भ्रम में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में यहां तक कहा कि मौलाना शायद भूल गया था कि प्रदेश में सरकार किसकी है। उनका इशारा पोस्टर लेकर निकलने के ऐलान करने वाले मौलाना तौकीर रजा की ओर था।



## छत्तीसगढ़ में आफत की बारिश : देवभोग के 36 गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से टूटा संपर्क

**रायपुर,3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के अधिकतर हिस्सों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है. मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है. बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश से कई इलाकों में नदी-नाले फिर से उफान पर आ गए हैं. कहीं 36 गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, तो कहीं बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. इधर फसलों को लेकर किसानों की भी टेंशन बढ़ गई है. गरियाबंद जिले में मानसूनी गतिविधि का असर देखने को मिला है. लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं. बेलाट नाले का जल स्तर बढ़ गया है. इसके कारण देवभोग के झाखरपारा क्षेत्र के 36 गांव का सम्पर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट गया है. इसके अलावा तहसील मुख्यालय अमलीपदर का सुख तेल नदी में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. वहीं देर रात बिजली के पोल टूटने से 100 गांव में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित हो गई. तहसीलदार देवभोग अजय चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में गुरुवार को 7 तहसीलों में 471 मिमी बारिश हो गई. आज दूसरे दिन भी बारिश जारी है. सबसे ज्यादा अमलीपदर तहसील में 101 मिमी बारिश दर्ज हुई है. बारिश के बार नदी नाला में निर्मित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन एलर्ट मोड पर है. देवभोग के बेलाट नाला पर तहसीलदार अमले के साथ पहुंच रस्सी से बेरिकेटिंग कर दिया है, ताकि कोई आवाजाही न कर सके. प्रदेश के बलरामपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में भी तेज बारिश हो रही है. अगले दो दिन बारिश होने की संभावना जताई गई है. ऐसे में किसान की अपनी फसलों को लेकर चिंता बढ़ गई है.

## राजस्थान में भी बढ़ा कफ सिरप वाला खौफ

**जयपुर,3 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 3 और बच्चों की मौत हो गई है। किडनी फेल होने की वजह से पिछले 28 दिनों में अब तक 9 बच्चों की मौत हो चुकी है। छिंदवाड़ा के एसडीएम शुभम यादव ने इसकी पुष्टि की है। उधर, राजस्थान में भी दो बच्चों की मौत के बाद कफ सिरप को लेकर खौफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि, दोनों ही राज्यों में अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि मौत की वजह कफ सिरप ही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में 4 सितंबर के बाद कई ऐसे बच्चों की मौत हुई है, जिनमें लक्षण एक जैसे पाए गए। जान गंवाने वाले सभी बच्चों में शुरुआत में सर्दी-खांसी और बुखार जैसे लक्षण थे। कहा जा रहा है कि इन बच्चों ने



खास किस्म की कफ सिरप ली थी, जिसके बाद इनकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में किडनी फेल होने से मौत हो गई। छिंदवाड़ा के एसडीएम शुभम यादव ने बताया कि बीमार बच्चों की निगरानी की जा रही है और संभावित वजहों की जांच कराई जा रही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'एहतियात के तौर पर हमने 1420 बच्चों की लिस्ट बनाई है, जो हाल के दिनों में वायरल जैसे लक्षण से ग्रसित रहे हैं। हमने प्रोटोकॉल बनाया है कि जैसे ही कोई बच्चा दो दिन से अधिक बीमार रहता है तो उसे सीधे सिविल अस्पताल लाते हैं। 6 घंटे की मॉनिटरिंग में रखते हैं। केस बिगड़ने की आशंका होती है तो जिला अस्पताल भेजते हैं और ठीक रहता है तो घर भेजते हैं और आशा वर्कर से कहते हैं कि सप्ताह में कम से कम दो दिन घर जाकर फॉलोअप लें।' एसडीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से भेजी गईं टीमें सैंपल्स की जांच कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा, 'पानी और मच्छर से संबंधित जांचें टीमों ने की हैं। अभी तक की रिपोर्ट नॉर्मल आई है। एक सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी गई थी, वह भी नॉर्मल है। पानी के कुछ सैंपल सीएसआईआर की नीरी इंस्टीट्यूट में भेजे गए हैं, रिपोर्ट अभी नहीं आई है।' उन्होंने कहा कि जिन 9 बच्चों की मौत हुई है उनमें से 6 के परिवारों से बात हुई है। इनमें से पांच ने एक तरह की और एक ने दूसरी कफ सिरप ली थी। इनके सैंपल की जांच की जा रही है।बाल रोग विभाग के प्रमुख और असोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन नांदुरकर ने एएनआई से बातचीत में कहा, 'जो मौतें हुईं और किडनी में दिक्कत हुई, उनमें एक Coldrif कफ सिरप को जिम्मेदार बताया जा रहा है। लेकिन यह जांच का विषय है। किडनी में दिक्कत कई वजहों से हो सकती है, कोई इंफेक्शन हो सकता है, कोई हैवी मेटल, डिहाइड्रेशन, जहर या किसी दवा की वजह से हो सकती है।

## पेट्रोल पंप पर महिला कर्मचारी की हत्या, चाकू से किए 40 वार

**अंबिकापुर,3 अक्टूबर।** अंबिकापुर के रिंग रोड चोपड़ापारा स्थित श्री कृपा फ्यूल्स पेट्रोल पंप में गुरुवार की सुबह महिला कर्मचारी की चाकू से गोद-गोद कर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे आरोपित को लोगों ने पकड़ पुलिस को सौंप दिया है। बीच-बचाव कर रहे पेट्रोल पंप का एक कर्मचारी भी घायल हुआ है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ पाया गया है। बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम मगाजी शाहपुर निवासी भारती टोप्पो, अंबिकापुर के रिंग रोड चोपड़ापारा स्थित कृपा फ्यूल्स में सेल्स गर्ल का काम करती थी। गुरुवार सुबह वह अन्य कर्मचारियों के साथ काम पर लगी थी। सुबह लगभग पौने बारह बजे मोटरसाइकिल से एक युवक पेट्रोल पंप में पहुंचा। महिला कर्मचारी के नजदीक ही उसने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की। महिला कर्मचारी कुछ समझ पाती इसके पहले ही युवक ने अपने पास रखे चाकू से उस पर वार करने का प्रयास किया। युवती वहां से भागी तो आरोपित ने चाकू लेकर उसे पेट्रोल पंप परिसर में ही दौड़ाना शुरू कर दिया। युवती भागने का प्रयास करती रही लेकिन आरोपित ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। एक के बाद एक चाकू के वार को सहते हुए युवती भागती रही। समूचे परिसर में खून के छींटे गिरते रहे। बीच-बचाव कर रहे संतोष नामक कर्मचारी पर भी युवक ने चाकू से हमला किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपित योगेंद्र पैकरा, मूलतः मगाजी कुसमी का रहने वाला है। वह पिछले तीन-चार दिनों से पेट्रोल पंप में आ रहा था। युवती से उसका प्रेम संबंध था।

## देवर ने की भाभी की हत्या, घर के अंदर खून से लथपथ मिली लाश, इलाके में मचा हड़कंप

**बालोद,3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला की खून से लथपथ लाश घर के अंदर मिली है और उसकी हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही देवर ने की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई है। यह पूरा मामला दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 का है। मृतका का नाम प्रीति सेमरे (35 वर्ष) बताया जा रहा है। वह दल्लीराजहरा स्थित 100 बिस्तर वाले अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग में स्वीपर के पद पर पदस्थ थी। पति की मृत्यु के बाद जुलाई 2024 में उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को प्रीति अस्पताल में ड्यूटी करने आई थी। जिसके बाद आज उसकी लाश घर में मिली है। बताया जा रहा है कि प्रीति अपने 5 साल के बेटे और मां के साथ किराए के मकान में रहती थी। घटना के समय उनकी मां और बेटा गांव गए हुए थे। जब बुधवार को मां वापस लौटीं, तब जाकर यह सनसनीखेज मामला सामने आया। लाश देखकर बताया जा रहा है कि हत्या एक दिन पहले हुई है।

**आरोपी देवर पुलिस हिरासत में**-बताया जा रहा है कि जब मृतका की मां घर पर नहीं होती थी, तो मृतका का देवर अमन सेमरे अक्सर घर आया-जाया करता था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अमन सेमरे को हिरासत में ले लिया है और घटनास्थल को सील कर दिया गया है। कल फॉरेंसिक के टीम के आने के बाद जांच होगी। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस देवर से पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### नशीली दवा सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। नशीली दवाओं के साथ एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पद्मनाभपुर पुलिस को सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत छटवां आरोपी को रिमांड में लेकर जेल दाखिला किया गया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के अपराध दर्ज किया गया था,जिसमें आरोपी के कब्जे से सात नग सफेद प्लास्टिक की बोरियों में नशीली दवाई बरामद की गई थी। आरोपी वैभव खंडेलवाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था जहां से उसे जेल भेजा गया है इस प्रकरण में आरोपी वैभव खंडेलवाल एवं कुणाल यादव द्वारा मेमोरेंडम कथन में बताए गए आरोपी फरदीन खान निवासी ओम नगर उरला की तलाश में टीम लगी हुई थी टीम को आरोपी उरला में घूमते हुए दिखाई दिया पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि वह वैभव खंडेलवाल से नशे की टेबलेट खरीदा था, आरोपी से टेबलेट भी बरामद की गई आरोपी फरदीन खान 23 वर्ष निवासी ओम नगर उरला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है ।

### अफीम सहित 3 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** पुरानी भिलाई थाना पुलिस को मुखबिरी हुई कि इंजीनियरिंग पार्क के पास बद्रीनाथ धर्मकांटा के पीछे वाली गली पुरानी भिलाई के पास एक सफेद कार में तीन लड़के अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की बिक्री कर रहे है भिलाई पुरानी टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि एक सफेद कार थी, पुलिस की गाड़ी को देखकर वे संकरी गली से भागने का प्रयास करने लगे। तब घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ लिया 21 हजार नकद भी मिले पुलिस ने तीनों को पकड़कर पूछताछ शुरू की तो उन्होंने अपना नाम लवप्रीत सिंह, हरदीप सिंह व बुध सिंह बताया लवप्रीत के पेंट की जेब में लॉक वाले छोटे पॉलीथिन के अंदर 45.08 ग्राम मादक पदार्थ अफीम, एक मोबाइल व 21,300 रुपए जब्त किया गया। हरदीप सिंह के पेट की तलाशी लेने पर लॉक वाले छोटे पॉलीथिन के अंदर 53.72 ग्राम अफीम व एक मोबाइल, 500 नकद जब्त किया। बुध सिंह की तलाशी में 48.08 ग्राम अफीम एक नग मोबाइल व 1000 रुपए, कार जब्त किया गया। लवप्रीत सिंह, 23 साल आजाद मोहल्ला, सुपेला, स्थाई पता गुरदासपुर है हरदीप सिंह 27 साल, निवासी हाउसिंग बोर्ड उमदा पुरानी भिलाईव बुधसिंह 22 साल, निवासी मुसेरा तरनतारन, पंजाब है।

### शराबबंदी होनी चाहिए,महिलाओं की मांग

**कवर्धा,3 अक्टूबर।** बस में बिलासपुर से कवर्धा आने वाली बस में महिलाओं ने नाम ना बताते हुए कहा की शराब और गुटखा बंद होना चाहिए क्योंकि जितना कमाते है लोग पूरा पैसा शराब में खर्च करते है और परिवार में भी झगड़े होते है । आंगनबाड़ी में कार्यरत महिला ने बस में कहा की शराब बहुत खराब चीज है और सरकार को शराब बिक्री बंद करना चाहिए । नाम जब पूछा गया तो उन्होंने कहा की सरकारी कर्मचारी है नाम मत पूछिए । पुजारी भूपेंद्र पांडेय ने बस में कहा की शराब बंद शतप्रतिशत होना चाही ।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ,सफाई मित्रों का सम्मान



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** महात्मा गांधी जयंती पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में ÷स्वच्छता ही सेवा 5.0 स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर, सेक्टर-1 में किया गया। मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, प्रवीन निगम, पवन कुमार, विपिन गिरी, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, ए.बी. श्रीनिवास, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी महापात्र ने गांधी-शास्त्री के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि स्वच्छता सतत प्रक्रिया है और जागरूकता के साथ नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने इंदौर की तरह भिलाई को भी स्वच्छ शहर बनाने का आह्वान किया।

### पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन अब मोबाइल एप से होगा

**भिलाई, 3 अक्टूबर।** शासन द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। भारत सरकार, ग्रामीण विकास विभाग ने बेनेफिशरी सत्यापन अप्प (लाभार्थी सत्यापन एप) तैयार किया है, जिसके जरिए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन होगा। अब तक यह प्रक्रिया मैन्युअली होती थी, लेकिन मोबाइल एप से यह कार्य अधिक आसान और पारदर्शी तरीके से किया जा सकेगा।

# विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,3 अक्टूबर।** माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा के उपलक्ष्य में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मैदान में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया किया। आयोजन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति तथा नगरवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सीमा कौशिक द्वारा भक्तिमय भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई जिसमें हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें और अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत के इस महापर्व को भव्य रूप से मनाया। भावना बोहरा ने भी संबोधित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि श्रीराम जी के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।भावना बोहरा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा,सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। आज प्रभु श्रीराम जी के आदर्शों और उनके मार्गों का अनुसरण करके हम पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि एवं नगरवासियों की खुशहाली के लिए निरतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं वहीं विकास कार्यों और अधोसंरचन निर्माण जैसे कार्यों से पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने हर संभव प्रयास कर रहें हैं। कांग्रेस के शासन में 5 वर्षों तक हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित रहा, विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ, काम के बदले कमीशन का खेल खुलेआम चला, जनता की सुविधाओं को दरकिनार किया गया लेकिन जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाकर सुशासन का सूर्योदय किया जिसका प्रत्यक्ष परिणाम आज जनता के सामने है। अन्धकार से उजाले की ओर हमारा पंडरिया विधानसभा अग्रसर हुआ हैं जहाँ विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं, जनहित की योजनाओं ने इसे समृद्ध बनाया है।उन्होंने आगे कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक है। दशहरा, जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। यह वह दिन है जब प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना की थी। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलते हुए, चाहे कितनी भी विपत्तियाँ आएँ, अंत में विजय सत्य की ही होती है। रावण, जो विद्या, शक्ति और वैभव में अतुलनीय था, अपने अहंकार और अधर्म के कारण परास्त हुआ। यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि हम अपने जीवन में उन बुराइयों, जैसे लालच, क्रोध, अहंकार का अंत करें और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाएँ। दशहरा केवल धार्मिक उत्सव तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक उत्साह का प्रतीक भी है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन एक ऐसी मिसाल है, जो हर युग और हर समाज के लिए प्रासंगिक है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हर भूमिका,पुत्र, भाई, पति, राजा और योद्धा को पूर्ण निष्ठा और नैतिकता के साथ निभाया। उनके जीवन से हम सभी कर्तव्यनिष्ठा, न्याय और समानता, सहनशीलता और धैर्य एवं सामुदायिक एकता जैसे गुणों को अपनाकर शिक्षा और जागरूकता,आर्थिक समृद्धि,सामाजिक समरसता एवं सुशासन स्थापित करने के लिए निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सामूहिक प्रयास करें।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनपद सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## विजयदशमी पर न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में हुई शस्त्र पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,3 अक्टूबर।** विजयदशमी के पावन अवसर पर आज कबीरधाम जिले के न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र कवर्धा में पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः 10:00 बजे शस्त्रागार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री भूपत धनेश्वरीअधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, आशीष शुक्ला, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, शस्त्रागार प्रभारी संतोष बारिया सहित रक्षित केंद्र के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पूजन के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि शस्त्रों का प्रयोग सदैव धर्म और न्याय की रक्षा हेतु किया जाएगा। निर्दोषों पर कभी प्रयोग नहीं होगा और असहायों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया गया। इस दौरान सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पारंपरिक रूप से होने वाला हर्ष फायर भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान शांति हवन कर जिले में सौहार्द, आपसी भाईचारे और खुशहाली की ईश्वर से कामना की गई। पूजन उपरांत उपस्थित पुलिस स्टाफ को प्रसाद वितरित किया गया तथा पूजित शस्त्रों से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा परंपरानुसार हर्ष फायर भी किया गया।इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।अंत में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

## शराब के नशे में मां से मारपीट करने पर बेटों ने कर दी पिता की हत्या

**भिलाई, 3 सितंबर।** भिलाई शराब पीकर पत्नी से गाली-गलौज, मारपीट करना एक सौतेले पिता को भारी पड़ गया उसके दोनों बेटों ने फावड़ा एवं डण्डा से मारकर हत्या कर दी नंदिनी थाने पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि प्रार्थी अरूण कुमार बंजारे के पड़ोस में रहने वाले उसके बड़े पिता की पुत्री मीरावती के घर से झगड़ा लड़ाई एवं रोने की आवाज सुनकर प्रार्थी मीरावती के घर जाकर देखा तो मीरावती का पति बलविन्दर सिंग खून से लथपथ पड़ा हुआ था उसके सिर, चेहरे में चोट थी, खून निकल रहा था मीरावती ने पूछने पर बताया कि उसका पति शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज कर मारपीट कर जमीन में उसे पटक दिया।

इसे देखकर उसके पुत्र त्रिलोचन कोसरे व भूपेश कोसरे ने बलविन्दर सिंग के साथ मारपीट की त्रिलोचन कोसरे आंगन में रखे फावडा से एवं भूपेश कोसरे ने डण्डे से बलविन्दर सिंग पर हमला कर दिया। इससे



बलविन्दर सिंग के सिर व चेहरे में चोट आने से उसकी मौत हो गई प्रार्थी की रिपोर्ट पर नंदिनी पुलिस ने मामले में धारा 103 (1), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया गया इसके बाद पुलिस ने आरोपी त्रिलोचन कोसरे (22 साल ) व भूपेश कोसरे (20 साल ) को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा एवं डण्डा को जब्त किया है।

## आयुक्त एवं पार्षद ने मंदिर के सामने की साफ-सफाई



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं वार्ड पार्षद लक्ष्मी धर्मेन्द्र दिवाकर द्वारा बैकुंठ धाम मंदिर के सामने साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। समीपस्थ सूर्यकुण्ड तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर जागरूकता लाने शपथ दिलाया गया। आयुक्त द्वारा पावर हाउस लाल मैदान दुर्गा पंडाल एवं दुकानों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर, 02 वैशाली नगर, 04 शिवाजी नगर एवं 05 सेक्टर 06 क्षेत्र अंतर्गत मूर्ति विसर्जन के पूर्व तालाब की साफ-सफाई, दुर्गा पंडालो के आस-पास की सफाई निगम का विशेष स्वास्थ्य टीम लगाकर किया जा रहा है।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर पंचायतों में जमीन पर बैठकर हुई ऐतिहासिक ग्राम सभा

**कवर्धा,3 अक्टूबर।** भारत सरकार का महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान आज कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत तितरी, बरेन्डा और खारा में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के साथ नई दिशा में आगे बढ़ा। इन ग्राम पंचायत के ग्राम सभा मे भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस एवं भारत सरकार के हाईफेड के प्रबंध संचालक एम. राज मुरूगन विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचे। उनके साथ भारत सरकार से जिले के लिए नियुक्त श्रीमती विजय लक्ष्मी तारा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, आदिम जाति विकास विभाग से सहायक आयुक्त श्री एल.पी. पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित इन



सभाओं की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के तैलय चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस अफसर एम. राज मुरूगन सहित सभी अधिकरियो ने ग्राम सभाओं में अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल का रूप दिया और सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को सामने रखा,जिनमें स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़क, प्राथमिक विद्यालयों की बेहतर व्यवस्था, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं, महतारी सदन निर्माण, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, नदी पर पुल निर्माण, निर्बाध बिजली और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रमुख रही।राज्य नोडल अधिकारी मुरूगन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य है कि गांव की जरूरतें अब गांव वाले खुद तय करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम विजन योजना 2030 तैयार की जा रही है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत ढांचा और परंपराओं के संरक्षण जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की आकांक्षाओं को इस विजन योजना में जोड़ा जाएगा, ताकि गांव आत्मनिर्भर और विकसित बन सकें।।जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान तीन स्तंभों पर आधारित है आदि कर्मयोगी, अधिकारी जो योजनाओं का अभिसरण और उत्तरदायी वितरण सुनिश्चित करते हैं। आदि सहयोगी, शिक्षक, डॉक्टर, युवा और शिक्षित आदिवासी, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और नवाचार तक पहुंच बनाते हैं और आदि साथी स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण, जनजातीय बुजुर्ग और सामुदायिक सूत्रधार, जो परंपराओं और स्थानीय ज्ञान को संरक्षित कर समाज को मजबूत करते हैं।गांधी-शास्त्री जयंती पर आयोजित इन विशेष ग्राम सभाओं ने न केवल ग्रामीणों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उनकी समस्याएं और आकांक्षाएं अब भविष्य की योजनाओं का हिस्सा बनेंगी।

## स्वच्छ भारत संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य:बघेल

भिलाई, 3 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी, जिला भिलाई के तत्वावधान में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्थलों पर चला। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक आंदोलन का रूप देना था। शुरुआत सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में शास्त्री प्रतिमा की सफाई, गांधी-शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से



हुई। इसके बाद अस्पताल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल के सफाई कर्मचारियों का चरण पूजन, गमछा ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात कैंप-2 के जलेबी चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रतिमा की सफाई, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांसद विजय बघेल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से शुरू होकर गांधी और शास्त्री जयंती तक सेवा व स्वच्छता को समर्पित रहता है। स्वच्छ भारत संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने सफाई कर्मचारियों को समाज का असली नायक बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, स्वच्छता प्रकोष्ठ संयोजक विनोद देवांगन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, डॉ. पीयाम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी, अस्पताल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन के लिए निगम कर्मचारियों को प्रशिक्षण



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। इसी क्रम में भिलाई नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सत्यापन कार्य के लिए जोनवार कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किए हैं। लाभार्थी सत्यापन एप के जरिए ही सत्यापन किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में तकनीकी सहायक अशोक कश्यप के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर अंजू साहू ने सभी पांचों जोन के कर्मचारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से एप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। नगर निगम ने पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे 7 दिनों के भीतर निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा अथवा नजदीकी जोन कार्यालय में जाकर अपना सत्यापन करवा लें।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर नगर निगम भिलाई में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन समारोह मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, अपर आयुक्त दोहरे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अधिकारीगण, स्वच्छता निरीक्षक, पीआईयू एवं सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। विधायक रिकेश सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी सबसे आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप देश स्वच्छता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। स्वच्छता समिति अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल पखवाड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे निरंतर जारी रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सराहनीय गतिविधियाँ कीं। कार्यक्रम में रिलायंस डिजिटल सुपेला, स्वामी आत्मानंद विद्यालय खुर्सीपार, इंदिरा गांधी महाविद्यालय वैशाली नगर, माँ वैष्णवदेवी स्कूल खुर्सीपार, बीएसपी कन्या विद्यालय खुर्सीपार एवं सफाई मित्रों को स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### भिलाई में खुलेगा ललित कला अकादमी का रीजनल सेंटर

**भिलाई, 3 अक्टूबर।** भिलाई में ललित कला अकादमी का रीजनल सेंटर खोलने के लिए अब छत्तीसगढ़ शासन पहल करेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की शाखा खोलने के लिए भी केंद्रीय संस्कृति मंत्री से चर्चा की जाएगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के डायरेक्टर विवेक आचारी ने कलाकारों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, रूपा साहू, गुंजन शर्मा तथा ललित कला अकादमी नई दिल्ली के बोर्ड सदस्य डॉ. अंकुश देवांगन उपस्थित रहे।

## इस्पात बिरादरी ने गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**भिलाई, 3 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात बिरादरी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक विपिन गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन, सेफी प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्मिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## संपादकीय

### 100 वर्ष समाज सेवा बड़ी बात है

*किसी भी देश में किसी संगठन का सौ वर्ष तक बने रहना तो बड़ी बात होती है, उससे भी बड़ी बात होती है सौ वर्ष तक निरंतर देश व समाज के हित में निस्वार्थ काम करना,समाज की निस्वार्थ सेवा करना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का ऐसा ही गैर राजनीतिक संगठन है। दो अक्टूबर को आरएसएस के सौ वर्ष पूरे हो गए है। इस मौके पर देश में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। पूरे देश में आरएसएस के हर क्षेत्र में किए गए कामों को याद किया जा रहा है, उसकी सराहना की जा रही है। ऐसा बहुत कम होता है कि किसी संगठन को सौ वर्ष पूरे हो जाए और उसकी तब भी सराहना की जाए क्योंकि किसी भी संगठन के सौ वर्ष पूरे होने पर उसमें कई तरह की बुराईयां आ जाती है, उससे जुड़े लोगों के गलत कामों के कारण संघ की बदनामी होती है, इसके लिए उसकी बुराई की जाती है। आरएसएस देश का एकमात्र अराजनीतिक ऐसा संगठन है जिसके काम की सौ वर्ष बाद भी सराहना की जा रही है। किसी भी संगठन के लिए यह गर्व की बात होती है कि उसकी सौ साल बाद भी सभी सराहना करें। पीएम मोदी ने संघ सौ वर्ष पूरे होने पर सौ रुपए की सिक्का और डाकटिकट जारी किया है, इससे आने वाले दिनों में देश याद करेगा कि ऐसा भी एक संगठन है देश है जिसने सौ साल तक देश व समाज की सेवा की है, आपदा के हर मौके पर सबसे पहले लोगों की मदद के लिए पहुंचा। पीएम मोदी ने इस बात को भी रेखांकित किया कि संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों की गई, उन्होंने देश के बताया कि विजयादशमी का दिन इसलिए चुना गया ताकि असत्य पर सत्य की विजय यात्रा, अन्याय पर न्याय की जीत की यात्रा जो देश में दो सदियों से चली आ रही है, उसी को आगे बढ़ाया जाए। संघ की यात्रा देश व समाज को अंधेरे से प्रकाश की तरफ की यात्रा है। गुलामी के बाद लोगों की स्व चेतना को जगाना जरूरी थी, लोग भूल गए थे, वह क्या है, उनका लक्ष्य क्या है, संघ ने सौ वर्ष लोगों को याद दिलाया है कि वह क्या है, और उनका लक्ष्य क्या है। संघ की सौ वर्ष की साधना का परिणाम है कि वर्ष 2014 में भाजपा उस लक्ष्य को हासिल कर सकी जिस लक्ष्य को पाने की कोशिश आजादी के बाद से की जा रही थी। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार। वैसे तो भाजपा में एक से एक बड़े और लोकप्रिय नेता हुए उनके नेतृत्व में भाजपा की सरकार भी बनी लेकिन वह साझा सरकार थी और वह उन लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकी जो भाजपा व संघ के एजेंडा में बरसों से थे। इन लक्ष्यों को तब ही हासिल किया जा सकता था जब भाजपा को बहुमत मिलता। भाजपा को बहुमत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिला और एक बार नहीं तीन बार मिलने से संघ व भाजपा के उन तमाम लक्ष्यों को हासिल किया जा सका है जो अब तक हासिल नहीं किए जा सके थे। सही मायने में 2014 के बाद भाजपा और मोदी का युग शुरू हुआ। वैसे तो संघ हमेशा से भाजपा की मदद चुपचाप करता रहा लेकिन राजनीतिक नेतृत्व कभी देश की जनता का विश्वास प्राप्त नहीं कर सका और यह काम नरेंद्र मोदी के आने के बाद पूरा हुआ और इसी के बाद वह सब काम भी हुए जो संघ चाहता था और भाजपा चाहती थी। पीएम मोदी के रूप में भाजपा को ऐसा नेता मिला है जो संघ, पार्टी के साथ देश के लिए भी ऐसे काम कर रहे हैं जिसके लिए उनको हमेशा याद किया जाएगा। पीएम मोदी के रूप में देश को एक बेमिसाल नेता मिला है जो हर क्षेत्र में देश को मजबूत कर रहा है, हिंदु समाज को एकजुट कर उसको मजबूत करने का काम कर रहा है। संघ की लक्ष्य था हिंदु समाज का एकजुट कर उसे देश के लिए एक मजबूत ताकत बनाना है और आज यह कहा जा सकता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हिंदु समाज एक ताकत बन चुका है। यही वजह है कि आज देश में कोई हिंदु समाज की उपेक्षा नहीं कर सकता, कोई भी राजनीतिक दल हिंदु समाज के बिना देश में सरकार बनाने की कल्पना नहीं कर पाता है। इसका श्रेय जाता है आरएसएस को। आरएसएस ने भाजपा को मोदी के रूप में ऐसा नेता दिया जो भाजपा को कांग्रेस की जगह स्थापित कर सका। आज भाजपा उस जगह पर है जहां कभी कांग्रेस थी तो इसका श्रेय संघ को जाता है। सौ साल से पहले संघ अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा है यही वजह है कि कांग्रेस सबसे ज्यादा संघ से नफरत करती है क्योंकि संघ के कारण ही वह आज सत्ता से दूर है और उसके सत्ता मैं लौटने की गुंजाइश नहीं रह गई है।*

## राशिफल

**मेषः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृषः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है।

**मिथुनः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी। आज आप अपने बच्चे के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है। मित्रों की सलाह भी ले सकते हैं।

**सिंहः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें।

**कन्याः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा। पिता से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**तुलाः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। जिस काम की शुरुआत करेंगे, वह समय पर पूरा होगा। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

**वृश्चिकः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके काम से खुश रहेंगे और तारीफ करेंगे।

**धनुः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है। छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे। फर्नीचर व्यापारियों को उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**मकरः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।

**कुम्भः** आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी।

**मीनः** आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे। छात्रों के लिए सफलता का दिन साबित होगा, बस थोड़ी और मेहनत करें।

## विदेश

# भारत, इस्राइल और पश्चिमी देशों के लिए नई चुनौती

✍ डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

विगत 17 सितम्बर 2025 को सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक गठबंधन 'स्ट्रेटजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट' रियाद में हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हस्ताक्षर हुए जिसे वर्तमान दौर का इस्लामिक नाटो (मुस्लिम उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) समझौता का नाम दिया जा रहा है।

इस समझौते में कहा गया है कि एक देश पर आक्रमण को दूसरे देश पर आक्रमण माना जाएगा। नाटो के अनुच्छेद-5 की तरह काम करने की बात कही गई है। इस समझौते से यह भी अब समझने की आवश्यकता है कि भारत पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव क्या होगा?

भारत पर इसका प्रभाव समझने के पूर्व समझौते की व्याख्या करना जरूरी है। वास्तव में यह समझौता संभावित मुस्लिम महाशक्ति की नींव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान की परमाणु शक्ति तथा सऊदी अरब की आर्थिक ताकत के साथ आने के संकेत हैं। परिणामस्वरूप एक संभावित 'महाशक्ति' का उदय हो सकता है। समझौता पारंपरिक लेन-देन पर आधारित कूटनीति से बढ़कर संस्थागत सुरक्षा साझेदारी की ओर संकेत कर रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि यह सुरक्षात्मक समझौता है, आक्रामक सोच वाला नहीं किंतु सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक समझौते के तहत 'सभी सैन्य साधन' भी शामिल होंगे। इस समझौते के पीछे एक तात्कालिक कारण यह है कि खाड़ी और मध्य पूर्व की सुरक्षा की स्थिति में बढ़ी हुई अनिश्चिता विशेष रूप से इस क्षेत्र में अन्य देशों के हथियारबंद संघर्ष एवं आक्रामक गतिविधियों के बढ़ने के चलते।

समझौते की मीमांसा के पूर्व इसकी प्रमुख बातों का भी उल्लेख जरूरी है ताकि इसके दूरगामी रणनीतिक पहलुओं को समझा जा सके-साझा सुरक्षा बंधन-अगर दोनों देशों से किसी एक देश पर असर होता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। रक्षा सहयोग और समर्थन-इसके अंतर्गत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, हथियारों की आपूर्ति, तकनीकी हस्तांतरण तथा सह-उत्पादन पर विशेष बल देंगे। परमाणु बचाव रणनीति-पाकिस्तान के पास लगभग 170 परमाणु हथियार हैं, जबकि सऊदी अरब के पास एक भी परमाणु हथियार नहीं हैं।

इस डील द्वारा पाकिस्तान सऊदी अरब को परोक्ष रूप से परमाणु सुरक्षा कवच प्राप्त होने की संभावना है। ईरान के परमाणु संकट को संतुलित करने हेतु- वास्तव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा संकट मानकर उसका संतुलन स्थापित करने की दृष्टि से भी सऊदी अरब एवं पाकिस्तान का यह समझौता हुआ है। अमेरिकी की दोहरी भूमिका का परिणाम-इस डील में हाल में पाकिस्तान के साथ की गई डिफेंस डील और उसकी शांतिपूर्ण अनुमति के आधार पर हुई है, ताकि सऊदी अरब की सुरक्षा का बोझ पाकिस्तान पर डाला जा सके।



समझौते में प्रावधान है कि रक्षा के लिए सभी सैन्य साधनों का उपयोग किया जा सकता है। इसके तहत सैन्य सहयोग से लेकर आधुनिक रक्षा पण्रालियां भी शामिल हैं। दोनों देशों का कहना है कि यह रक्षा डील क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए है, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों को विशेष रूप से दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। इस समझौते के अंतर्गत सैन्य अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण तथा रक्षा तकनीकी, साझेदारी को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। यद्यपि यह समझौता प्रमुख रूप से रक्षा से संबद्ध है, लेकिन सऊदी अरब-पाकिस्तान संबंध पहले से ही तेल, वित्तीय सहायता और श्रमिक योगदान पर आधारित हैं। इस समझौते के साथ अब दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ता और गहरी हो सकती है।

यह एक समझौता क्या भू-राजनीतिक समीकरण में बदलाव ला सकता है? यह समझौता एक नये ध्रुवीकरण का भी संकेत देता है, जो भारत की मध्य पूर्व में सामरिक भूमिका को भविष्य में बड़ी चुनौती दे सकता है। विचारणीय विषय यह है कि क्या इससे वौंकरण के इस दौर में समीकरण भी बदल जाएंगे? यह भारत के लिए रणनीतिक चुनौती बन सकता है, क्योंकि पाकिस्तान को सऊदी अरब से आर्थिक-राजनीतिक समर्थन मिलने पर कश्मीर में आतंकवाद जैसा संवेदनशील मुद्दा पुन: खड़ा हो सकता है, जो भारत की स्थिति हेतु बड़ा संकट बन सकता है।

अरब देशों ने हाल के महीनों में इस्राइल की आक्रामक कार्यवाहियों विशेष रूप से कतर तथा ईरान पर सैन्य हमलों के बाद अमेरिका की सुरक्षा साझेदार के रूप में विसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। निश्चित ही पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा समझौते से भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है क्योंकि इसे सामान्य समझौता नहीं समझना चाहिए। चूंकि यह पश्चिम एशिया में बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच हुआ है। भारत के साथ सऊदी अरब की आर्थिक साझेदारी भी गहरी है। सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार जबकि भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है। यही नहीं, सऊदी अरब में भारत-पाकिस्तान के तनाव के दौरान संयमित रुख अपनाया। पुलवामा आतंकी हमलों की निंदा की किंतु भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने तथा बालाकोट हमलों की आलोचना करने से भी परहेज किया। सऊदी अरब का सर्वोच्च नागरिक सम्मान वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी यात्रा के दौरान दिया गया। ऐसी स्थिति में भारत को संयम, सतर्कता, सजगता एवं संतुलित ढंग से काम करने की आवश्यकता है।

वास्तव में यह समझौता भारत के लिए अपने पश्चिमी पड़ोस के प्रबंधन को जटिल बनाता है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति को सक्षम और सशक्त करता है। भारत की चिंताएं और चुनौतियां समझौते पर उसकी आधिकारिक टिप्पणी और बयानबाजी से समझी जा सकती हैं। पाकिस्तान कभी भी भारत का भरोसेमंद नहीं रहा व उसकी राजनीति भी भारत विरोध पर ही संचालित होती है। निर्विवाद है कि यह गठबंधन बड़ा आकार लेता है, तो खाड़ी और दक्षिण एशिया की सुरक्षा रणनीति को बदल सकता है। यह समझौता भारत, इस्राइल और पश्चिमी देशों के लिए नई चुनौती बन सकता है।

*(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)*

## कंट्रोवर्सी

# ज्यादा सुर्खियां पा गया हाथ नहीं मिलाना

✍ मनोज चतुर्वेदी

भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट एशिया कप मुकाबले में न तो बहले जैसा रोमांच दिखा और न ही दीवानगी दिखी। वहीं मैच में भारत के सात विकेट से जीत के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव, ओपनर अभिषेक शर्मा और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के प्रदर्शन के मुकाबले मैच में दोनों टीमों का हाथ नहीं मिलाना ज्यादा सुर्खियां पा गया। एकतरफा हार से बुरी तरह हताश पाकिस्तान टीम ने हाथ नहीं मिलाने के मुद्दे को एशिया कप के बायकाट की धमकी तक पहुंचा दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस आईसीसी से शिकायत करते हुए कहा है कि मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को नहीं हटाया तो वह एशिया कप से हट जाएगा। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी, जो एशियाई क्रिकेट काउंसिल के भी अध्यक्ष हैं, ने एक्स पर पोस्ट डाल कर इस शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा है कि पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रेफरी के खिलाफ दर्ज शिकायत में मैच रेफरी को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार मांग नहीं माने जाने पर पाकिस्तान चैंपियनशिप से हट सकता है। खबरों के मुताबिक पायक्राफ्ट टॉस से पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा को एकतरफ ले गए और कहा कि दोनों कप्तानों के बीच हैंडशेक नहीं होगा। यह भी कहा गया कि मैच के बाद पाकिस्तान टीम कुछ दूरी तक भारतीय ड्रेसिंग रूम की तरफ गई पर कोई जवाबी प्रतिक्रिया न देख कर लौटगई। पीसीबी के अनुसार टीम मैनेजर नवेद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के खेल भावना के विपरीत व्यवहार की शिकायत की है।




आइसीसी के पाकिस्तान की शिकायत पर झुकने की संभावना नहीं है। इसकी वजह है कि रूल में हाथ मिलाने को लेकर खास निर्देश नहीं है। यह असल में नियम न होकर परंपरा मात्र है। वैसे भी खेलों में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। साल 2023 के विम्बलडन में ही यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका से खेलते समय यह कहते हुए हाथ मिलाने से इंकार कर दिया था कि उनके देश ने हमारे देश पर हमला किया है। आयोजकों ने इस घटना पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। पाकिस्तान को अपना मैच 17 सितम्बर को यूएई से खेलना है। पाकिस्तान यदि इस मैच में नहीं खेलता है तो उसके सुपर फोर में पहुंचने की सारी संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। इसकी वजह यह है कि यूएई ओमान से मैच जीत चुका है, और पाकिस्तान नहीं खेलता है तो उसके चार अंक हो जाएंगे और वह सुपर फोर में पहुंच जाएगी। इसलिए यह तय है कि अगले 24 घंटे में पाकिस्तान को लेकर सारी स्थितियां स्पष्ट हो जानी हैं।

सभी जानते हैं कि कुछ दिनों पहले पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने हमला करके निदरेषों को मार दिया था। इसे ध्यान में रखकर ही पाकिस्तान से मैच खेलने का विरोध किया जा रहा था पर सरकार की नीति है कि आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान खेल सकते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद कहा कि टीम ने मिल कर हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया था। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में शहीद 26 निदरेषों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। हम अपने सशस्त्र बलोंऔर उनके परिवारों के साथ खड़े हैं।

पाकिस्तान खेलने का फैसला करता है तो इस स्थिति का एक या दो बार सामना करना पड़ सकता है। पर भारत यदि इस ट्रॉफी को जीतता है तो उसके सामने भी परीक्षा की घड़ी आनी है। एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष होने के नाते मोहसिन नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करेंगे। उस सूरत में देखने वाली बात होगी कि भारत उनके हाथों से ट्रॉफी लेता है, या नहीं। जहां तक बात पाकिस्तान के साथ मुकाबले की है तो उसमें बिल्कुल दम नजर नहीं आया। सही है कि दोनों ने युवा खिलाड़ियों की टीम उतारी हैं पर भारतीय टीम पिछले एक-डेढ़ साल में एकजुट हो गई है। वहीं पाकिस्तान की युवा टीम में ढेरों खामियां नजर आई। पाकिस्तान के उच्च क्रम के बल्लेबाज स्पिन खेलने में बौने साबित हुए।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम का कहना है कि पाकिस्तानी बल्लेबाज कुलदीप यादव को पढ़ ही नहीं सके और उन्होंने पारी ढहाने में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले के बारे में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की टिप्पणी स्थिति का किसी हद तक सही बयान करती है। गांगुली ने कहा,..सबसे महत्त्वपूर्ण आतंक रुकना चाहिए, सिर्फ भारत और पाकिस्तान में ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया में। पर खेल कतई नहीं रुकने चाहिए। सही स्थिति यह है कि दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं था। मैं भारत-पाक मुकाबले की बजाय भारत के ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका ही नहीं अफगानिस्तान के साथ मुकाबले को देखना पसंद करूंगा। मुझे नहीं लगता कि भारत और पाकिस्तान मुकाबले में कोई दिलचस्पी बची है। हम पिछले पांच सालों से इस मुकाबले की हाइप जरूर बनाते हैं पर हर बार टांय टांय फिस्स जरूर हो रही है। अब यह मुकाबला वनवे ट्रैफिक हो गया है।

*(लेख में विचार निजी हैं)*

# गैस के कारण छाती में दर्द? इन 5 घरेलू नुस्खों को अपनाकर मिलेगा आराम

गैस के कारण छाती में दर्द होना एक आम समस्या है, जो कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या अक्सर खाने-पीने की गलत आदतों या शरीर में गैस बनने के कारण होती है। इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं और अपनी छाती के दर्द को कम कर सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं।



### अदरक का सेवन करें

अदरक का सेवन गैस के कारण छाती में होने वाले दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो सूजन और जलन को कम करते हैं। इसके लिए आप अदरक की चाय पी सकते हैं या कच्चा अदरक चबा सकते हैं। इसके अलावा अदरक का रस भी पी सकते हैं, जो आपकी छाती को आराम देगा और दर्द को कम करेगा। अदरक का सेवन आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाता है।

### पुदीने की चाय पिएं

पुदीने की चाय पाचन तंत्र को शांत करने और गैस को बाहर निकालने में मदद करती है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो पेट की मांसपेशियों को आराम देता है। रोजाना सुबह खाली पेट पुदीने की चाय पीने से न केवल गैस की समस्या दूर होती है, बल्कि यह आपकी ऊर्जा को भी बढ़ाती है और ताजगी का एहसास कराती है। इसके नियमित सेवन से आपका पाचन तंत्र भी बेहतर काम करता है।

### जीरे का पानी पिएं

जीरे का पानी पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और गैस को कम करने में सहायक होता है। जीरे में ऐसे तत्व होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करते हैं। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच जीरा डालकर उसे थोड़ी देर छोड़ दें ताकि वह अच्छे से मिल जाएं, फिर इसे छानकर पी लें। इस प्रक्रिया को दिन में एक बार जरूर अपनाएं ताकि आपको जल्द राहत मिल सके।

### हींग का इस्तेमाल करें

हींग का इस्तेमाल भी गैस की समस्या को दूर करने में मदद करता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं, जो सूजन और जलन को कम करते हैं। आप हींग को पानी में घोलकर पी सकते हैं या सब्जियों में डालकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप हींग को गर्म पानी में मिलाकर भी पी सकते हैं। यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस की समस्या से राहत दिलाता है।

### तुलसी की पत्तियां चबाएं

तुलसी की पत्तियां पेट की गैस को कम करने में असरदार होती हैं। इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को ऊर्जा देते हैं और पाचन क्रिया को सुधारते हैं। आप तुलसी की पत्तियों को चबा सकते हैं या उनका रस निकालकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप तुलसी की चाय भी बना सकते हैं और इसे गर्मागर्म पी सकते हैं। इससे आपके पेट की गैस जल्दी ही खत्म हो जाएगी।

## स्वास्थ्य

# प्याज काटते समय आंखों में होती है जलन? इन तरीकों से करें दूर

प्याज काटते समय आंखों में जलन होना एक आम समस्या है। यह उन लोगों के लिए और भी ज्यादा परेशान कर सकती है, जो रोजाना खाना बनाते हैं। हालांकि, कुछ सरल और प्रभावी तरीके अपनाकर आप इस समस्या से बच सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिनसे आप बिना किसी परेशानी के प्याज काट सकते हैं और आपकी आंखें सुरक्षित रहेंगी। इन तरीकों को अपनाकर आप रसोई के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।



### पानी में काटें

प्याज काटते समय पानी चलाए रखना एक आसान और कारगर तरीका है। प्याज को पानी में काटें। इससे प्याज से निकलने वाली गैस कम हो जाती है, जो आंखों में जलन का कारण बनती है। इससे आपकी आंखें सुरक्षित रहती हैं और आपको जलन महसूस नहीं होती है। यह तरीका खासकर तब फायदेमंद होता है, जब आपको ज्यादा मात्रा में प्याज काटनी हो।

### चाकू का उपयोग सही रखें

प्याज काटते समय चाकू का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है। तेज चाकू से प्याज काटने पर कम दबाव पड़ता है, जिससे गैस कम निकलती है और आंखों में जलन नहीं होती है। इसके अलावा तेज चाकू से काटते समय प्याज की परतें भी साफ निकलती हैं, जिससे आपका काम जल्दी हो जाता है। ध्यान रखें कि चाकू हमेशा धारदार होना चाहिए ताकि आपको किसी भी तरह की परेशानी न हो और आप आसानी से प्याज काट सकें।

### ठंडे पानी में रखें

प्याज को ठंडे पानी में कुछ मिनट के लिए रखें या फ्रिज में रख दें। इससे जब आप उसे काटेंगे तो गैस कम निकलेगी और आपकी आंखों में जलन नहीं होगी। यह तरीका खासकर तब काम आता है, जब आपको बड़ी मात्रा में प्याज काटनी हो। इसके अलावा ठंडा पानी प्याज की परतों को ढीला कर देता है, जिससे उन्हें हटाना आसान हो जाता है और आपका काम जल्दी हो जाता है।

### पंखे का उपयोग करें

प्याज काटते समय पंखे का उपयोग करना भी फायदेमंद हो सकता है। पंखे की हवा गैस को दूर करती है, जिससे आपकी आंखों में जलन कम होती है। अगर आपके पास बिजली का पंखा न हो तो खिड़की या दरवाजे के पास खड़े होकर भी आप इसे कर सकते हैं। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप आसानी से प्याज काट सकते हैं। इन तरीकों से आपका काम भी जल्दी होगा और रसोई का अनुभव भी बेहतर रहेगा।

## सु-दोकू 188

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.187 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## एक नजर



विजयदशमी पर्व पर रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में शस्त्रपूजन।



**तिल्दा नेवरा।** बीजेपी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वार्ड 21 ओर बीस में सफाई अभियान वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने किया इस दौरान बीजेपी के कार्यकर्ता वार्ड ओर बूथ के सदस्य उपस्थित रहे।

### एक नक्सली ढेर, हथियार व विस्फोटक बरामद

**बीजापुर, 03 अक्टूबर।** विजयादशमी के दिन जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में आज हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी के इनपुट पर जवानों ने ऑपरेशन लॉन्च किया, जिसके बाद देर शाम एक नक्सली को ढेर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। जवानों ने मौके से मारे गए नक्सली के शव के साथ हथियार और विस्फोटक समेत अन्य सामान बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस अफसरों ने बतायां किं ऑपरेशन अभी भी जारी है।

### नक्सलियों ने की एक ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर, 03 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुजारी कांकेर गांव में नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर एक ग्रामीण मड़कम भीमा की हत्या कर दी। उसूर थाना पुलिस ने मौके पर पंहुचकर मामले की विवेचना के साथ ही हत्या का मामला दर्ज कर इस घटना में शामिल नक्सलियों की तलाश शुरू कर दी है। उसूर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 9 बजे नक्सली मड़कम भीमा के घर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने उसे घर से बाहर निकाला और मुखबिरी करने का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी।

### ज्योति कलश विसर्जन के दौरान कांकेर सांसद को देवी चढ़ गई

**कांकेर, 03 अक्टूबर।** जिले में नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश विसर्जन के दौरान आज गुरूवार को कांकेर सांसद भोजराज नाग को देवी चढ़ गई। अंतागढ़ के शीतला माता मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा हुई, इस दौरान वे झूमने लगे। सांसद की मां नूतन नाग ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद कलश विसर्जन जोगीधारा नदी के संगम में किया गया। सांसद भोजराज नाग ने बताया कि धनोरा में स्थित खंडा डोकरा आंगा देव अंतर्गत आने वाली बूढ़ी माता है, वो मुझ पर सवार होती है। 15-20 सालों से मुझे देवी आती है। उन्होने कहा कि हमारे हिंदू परंपरा में अनेक लोगों को देवी आती है, उसी परंपरा के अनुसार मुझे देवी आती है। देवी-देवता का काम क्षेत्र में उन्नति करना होता है। हमारे पूर्वज जंगलों में रहते थे, वे देवी-देवता के सहारे रहते थे ।

### मद्य निषेध सप्ताह 8 तक

**कांकेर 03 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिले में मद्यपान एवं अन्य मादक पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत जन जागरूकता विकसित करने हेतु रैली, नुक्कड़ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# लुप्त हो रही दशहरा में नीलकंठ दर्शन की परंपरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## कीटनाशक को माना जा रहा नीलकंठ के लुप्त होने का कारण

**जगदलपुर, 03 अक्टूबर।** दशहरा पर्व के अवसर पर नीलकंठ का दर्शन करना परंपरानुसार शुभ माना जाता है, किंतु एक तरफ जहां नीलकंठ की संख्या बड़ी तेजी से घटी है, वहीं दूसरी तरफलोगों में भी नीलकंठ दर्शन की परंपरा खत्म होती जा रही है। पहले की तरह लोग समूह बनाकर अब दशहरा के दिन नीलकंठ दर्शन हेतु नहीं निकलते।

पक्षी विशेषज्ञ बताते हैं कि नीलकंठ कीड़े मकोड़े को खाकर अपना पेट भरता है। कृषि क्षेत्र में अत्यधिक कीटनाशक का. उपयोग करने से कीट मरते जा रहे हैं और ऐसे कीटों को खाने के कारण नीलकंठों की मौत होती है, वहीं उनकी प्रजनन



क्षमता में भी कमी पाई गई है। इस कारण नीलकंठ अब पहले की तरह बिजली के तारों पर बैठे नजर नहीं आते। दशहरा के दिन नीलकंठ देखना भगवान शिव के दर्शन जैसा माना जाता है इसलिए लोग दशहरा के दिन नीलकंठ को देखना शुभ मानते आए हैं।

नीलकंठ का भगवान शिव से संबंध को लेकर एक कथा के अनुसार, रावण वध के बाद भगवान राम ने ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए लक्ष्मण के साथ महादेव की पूजा-अर्चना की थी। तब भगवान शिव ने उन्हें नीलकंठ रूप में ही दर्शन दिए थे। ऐसे में यह माना जाता है, कि दशहरे पर नीलकंठ के दर्शन करने से व्यक्ति को भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है।

**नीलकंठ दर्शन के लाभ**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दशहरे के दिन नीलकंठ पक्षी को देखने से भाग्योदय होता है, और दरिद्रता दूर होती है इसलिए इस दिन लोग अपने घरों की छत पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन करने के लिए आकाश को निहारते हैं, ताकि साल भर जीवन में शुभ कार्य का सिलसिला चलता रहे।

# रानी बोदली हमले में नक्सलियों के लूटे गये दो हथियार तिरियारपानी मुठभेड़ में बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 03 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के तिरियारपानी मुठभेड़ में मिले तीन हथियार में से दो हथियार ऐसे है, जो रानी बोदली कैंप पर हुए हमले में नक्सलियों द्वारा लूटे गये थे। कांकेर एसडीओपी मोहशीन खान ने बताया कि तिरियारपानी मुठभेड़ में मिली एसएलआर यानी 7.62 एसएलआर बाडी नंबर बीजेड 0304 और थ्री नाट थ्री रायफल बाडी नंबर 16670 एक्स रानी बोदली कैंप से लूटी हुई थी। रानी बोदली कैंप की घटना 15 मार्च 2007 को हुई थी। रानी बोदली कैंप की घटना के हथियार मिलने से कांकेर जिला के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि तिरियारपानी मुठभेड़ में मिला तीसरा हथियार 12 बोर बंदूक है, जिसकी तस्दीक की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि रानी बोदली कैंप की घटना छग. राज्य गठन के बाद नक्सलियों का पुलिस पर सबसे बड़ा हमला था। विदित हो कि वर्ष 2005 में सलवा जुडूम शुरू होने के बाद राहत शिविर में आए हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह कैंप स्थापित कर जवानों की तैनाती की गई थी। रानीबोदली कैंप भी उसी का हिस्सा था, इस कैंप में छसबल नौवी वाहिनी सी कंपनी के जवान तैनात थे। नक्सली सलवा जुडुम के खिलाफ थे, और 15 मार्च 2007 को लगभग 600 नक्सलियों ने रात 12 बजे रानीबोदली कैंप को घेर लिया था, और इस मुठभेड़ में 55 जवान शहीद हुए थे, वहीं 7 नक्सली मारे गए थे। इस घटना में नक्सलियों ने कैंप से 13 एसएलआर, 9 थ्री नाट थ्री, 3 एके 47, 1 इंसास, 12 इंच मोर्टार, 1 नाईट वीजन डिवाईस और 10 मसकेट लूटकर ले गए थे।

# बीजापुर में 103 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 03 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। दशहरा पर्व के दिन बीजापुर में 103 नक्सलियों ने बीजापुर एसपी कार्यालय पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित 103 नक्सलियों पर कुल 1 करोड़ 6 लाख रूपये का इनाम घोषित था। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी 103 नक्सलियों को प्रोत्साहन स्वरूप 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

आत्मसमर्पित 103 नक्सलियों में डीव्हीसीएम -1,पीपीसीएम- 4, एसीएम-4, प्लाटून पार्टी सदस्य-1, डीएकेएमएस अध्यक्ष-3, सीएनएम अध्यक्ष-4, केएएमएस अध्यक्ष-2, एरिया कमेटी पार्टी सदस्य-5, मिलिशिया कमाण्डर/डिप्टी कमांडर-5, जनताना सरकार



अध्यक्ष-4, पीएलजीए सदस्य-1, सीएनएम सदस्य-12, जनताना सरकार उपाध्यक्ष- 4, डीएकेएमएस उपाध्यक्ष-1, जनताना सरकार सदस्य-22, मिलिशिया प्लाटून सदस्य -23, जीपीसी-2, डीएकेएमएस सदस्य -4, भूमकाल मिलिशिया सदस्य -1 सहित कुल 106.30 लाख रूपये के ईनामी 49 नक्सलियों सहित 103 नक्सली इसमें शामिल हैं।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने नक्सलियों से अपील की है कि वे शासन की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं और शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर हों।

# छत्तीसगढ़ उत्कल हरिजन आदिवासी समाज की बैठक में किरंदुल इकाई की नई कमेटी का गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ उत्कल हरिजन आदिवासी समाज की एक ऐतिहासिक बैठक किरंदुल फईनोर कैम्प के सामुदायिक भवन में हर्षोल्लास और सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री विरेन्द्र मांझी के अनुशंसा पर किरंदुल इकाई की नई कमेटी का गठन किया गया तथा विभिन्न पदों पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई।

बैठक में पूर्व पार्षद श्री उग्रे नायक को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं, पार्षद श्री गोपी नाथ को उपाध्यक्ष का अहम पद दिया गया। समाज के इन नेतृत्वकर्ताओं को



समाज के उज्ज्वल भविष्य एवं सशक्त निर्माण का दायित्व सौंपा गया।

समाज के गठन का मुख्य उद्देश्य : 1. समाज के बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं पुरुषों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना। 2. शिक्षा का प्रसार करना तथा गरीब व प्रतिभाशाली छात्रों को सहयोग देना। 3. स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना। 4. रोजगार, स्वरोजगार एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना। 5. समाज में एकता, भाईचारा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना। 6. जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करना। 7. सांस्कृतिक परंपराओं, त्योहारों एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन। 8. समाज के लोगों को न्याय, अधिकार एवं समान अवसर दिलाना। 9. युवाओं को खेल, साहित्य एवं कला के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना। 10. महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।

बैठक में इन सभी उद्देश्यों को समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुँचाने हेतु ठोस योजनाओं पर विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार की गई।

**मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य सदस्य**

श्री जहाज सोनानी, त्रिनाथ पान, राजेश सोना, सोईत नायक, सुभाष डोगरी, प्रभू कश्यप, कोसों हरपाल, किरीशना बेचारा, सागर महान्द, आन्द सोननी सहित समाज की महिलाओं और पुरुषों की भारी उपस्थिति रही।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया धूमधाम से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 03 अक्टूबर।** मां भगवती के नौ अवतारों की पूरे नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद विजयादशमी के दिन रिमझिम फुहारों के बीच मां दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम के साथ किया गया। नगर पालिका द्वारा नदी घाट पर प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। विसर्जन के दौरान गुरूवार की रात घाट पर सुरक्षा के कोई इंतजामात नहीं थे। घाट पर पुलिस जवानों की तैनाती भी नदारत दिखी। नियमतः मानसूनी सीजन पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने ऐसे अवसर पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से नदी घाट पर जवानों की तैनाती अमूमन पुलिस प्रशासन की ओर से की जाती है। नवरात्र के समापन उपरांत दशमी को विजयादशमी के दिन परंपरानुसार मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया



गया। नगर के वार्ड नंबर 2 में कतियाररास के जेलबाड़ी रोड पर स्थापित शैलेंद्री दुर्गा समिति ने गुरूवार को अपनी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन धुमधाम के साथ किया। दुर्गोत्सव समिति द्वारा सुसज्जित ट्रक में मां दुर्गा को विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ भक्त झुमते-नाचते, थिरकते, रंग गुलाल से सराबोर भक्त मां के जयकारे लगाते नदी घाट पहुंचे जहां अंतिम बार पूजा अर्चना व सामुहिक आरती की गई तदोपरांत जय माता दी, जय शोरोवाली की जयघोष के बीच समिति के युवाओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा को जलधारा में विसर्जित कर दिया । विजयादशमी के दिन नगर के ज्यादातर लोग दशहरा मनाने जगदलपुर, बचेली या फिर किरंदुल का रूख करते हैं। इस वजह से कई दुर्गोत्सव समिति दशमी तिथि को प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं कर पाती है। इक्का दुक्का दुर्गोत्सव समितियों ने ही दशमी तिथि को अपनी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं शुक्रवार को बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के लिए दंतेवाड़ा समेत, बचेली, किरंदुल, गीदम, भांसी, कटेकल्याण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में मां दुर्गा की प्रतिमाएं दंतेवाड़ा के डंकिनी नदी घाट पर पहुंचेगी।



**तिल्दा नेवरा, 03 अक्टूबर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय तिल्दा नेवरा में चेतन देवियों की झांकी के समापन के अवसर पर जो देवियां बनी थी उन्हें रानी सौरभ जैन के द्वारा शाल श्रीफल एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

# अस्पताल परिसर में स्थित जूस कार्नर संचालक को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 03 अक्टूबर।** अस्पताल में भर्ती मरीजों को भोजन उपलब्ध करवाने वाले लापरवाह केंटीन संचालक को नोटिस जारी करने के बाद अब अस्पताल मैनेजमेंट ने परिसर में स्थित जूस कॉनर की दुकान संचालक को भी नियम शर्तो की अवहेलना करने पर कारण बताओ नोटिस थमाया है। संचालक से 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। उचित एवं संतुष्टिजनक जवाब नहीं देने पर परिसर से दुकान खाली करवाने की कारवाई भी किए जाने की बात नोटिस में लिखा है।

अस्पताल परिसर के एंट्री गेट के पास ही स्थित जूस कार्नर के संचालक रेखा साहू को अस्पताल प्रबंधन की ओर से 30 सितंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए जूस की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंधन ने 02.01.2023 को रेखा साहू को अस्पताल परिसर स्थित दुकान पर एक वर्ष के लिए जूस कॉनर खोलने की अनुमति दी थी। नियम शर्त



के मुताबिक संचालक को जूस के अलावा अन्य कोई भी सामान रखने एवं बेचने की अनुमति नहीं थी। वहीं अस्पताल के सीएस को यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि जूस कॉनर में विभिन्न प्रकार के किराना सामान रखकर भी बेचा जा रहा है। दुसरी शिकायत यह कि अस्पताल मैनेजमेंट को बिना सूचित किए जूस कॉनर स्थल पर अनाधिकृत रूप से संचालक द्वारा दुकान निर्माण का कार्य करवाया गया है जो आपत्तिजनक एवं नियम शर्तो का उल्लंघन है।

# विजयदशमी पर पुलिस लाइन में शस्त्रों की पूजा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 03 अक्टूबर ।** बस्तर जिला मुख्यालय के आरक्षित पुलिस लाइन में विजयदशमी के पावन अवसर पर शस्त्र पूजन समारोह में पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टलिंगम तथा पुलिस अधीक्षक, बस्तर शलभ सिन्हा ने पूजन अनुष्ठान में सहभागिता की । वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, बल के अधिकारी एवं जवान भी इस आयोजन में शामिल हुए, जिससे यह कार्यक्रम शौर्य, कर्तव्य एवं सुरक्षा का प्रतीक रहे



शस्त्रों के प्रति सामूहिक नमन का रूप बन गया । इस दौरान परंपरा के अनुसार शस्त्रों का पूजन किया गया, जो क्षेत्र की रक्षा एवं जनता की सेवा से जुड़े वीरता, शक्ति एवं उत्तरदायित्व के मूल्यों को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रसेवा एवं जनसुरक्षा में समर्पित सभी अधिकारियों और जवानों की सुरक्षा, सफलता एवं कल्याण हेतु विशेष प्रार्थनाएं की गईं। अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने फाईरिंग कर शक्ति साधना को संपन्न किया।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टलिंगम ने विजयदशमी के अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और समस्त पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ बस्तर क्षेत्र की स्थानीय जनता के कल्याण एवं मंगल की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि बस्तर रेंज के सभी सात जिलों ङ्क बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, कोंडागांव एवं कांकेर में भी 2 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन समारोह एक साथ संपन्न किया गया ।

# भीतर रैनी रस्म में विजय रथ की हुई परिक्रमा

## 75 दिवसीय बस्तर दशहरा, बारिश के बावजूद रथ को बड़े उत्साह के साथ खींचा गया

**जगदलपुर, 03 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध 75 दिवसीय बस्तर दशहरा पर्व के प्रमुख अनुष्ठानों में से एक भीतर रैनी की रस्म गुरुवार को पूरी हुई। इस दौरान भव्य आठ चक्कों वाले विजय रथ की परिक्रमा हुई, जिसे खींचने के लिए कोड़ेनार और किलेपाल क्षेत्र के दूर-दराज के गाँवों से बड़ी संख्या में आदिवासी जन जुटे और बारिश के बावजूद रथ को बड़े उत्साह के साथ खींचा।

गुरुवार को बस्तर दशहरा के महत्वपूर्ण दिन भीतर रैनी की रस्म निभाई गई, पिछले वर्ष तैयार आठ चक्कों वाले विशाल विजय रथ को सुसज्जित कर विधि विधान के साथ पूजा अनुष्ठान के पश्चात संचालन किया गया। मां दंतेश्वरी के छत्र को रथारूढ़ करने के बाद पुलिस जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी गई। इसके बाद रथ को खींचा गया।

इस विशाल रथ को मावली



मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, गोल बाजार चौक, गुरु नानक चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर तक परिक्रमा कराई गई। इस विशाल आठ चक्के के विजय रथ में जहां दंतेश्वरी मां की डोली और छत्र विराजमान थी, वहीं इसके सामने सुसज्जित वाहन में दंतेवाड़ा से आई मावली मां की डोली और छत्र विराजमान थी। रथ के सामने बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से दशहरा में पहुंचे देवी-देवताओं के छत्र, डोली, और लाठ लिए पुजारी, सेवक चल रहे थे वहीं आंगादेव पूरे मार्ग पर दौड़ते हुए मार्ग के अवरोध हटाने में जुटे नजर आए। इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों के साथ ही नागरिकगण भी जुटे रहे। लगातार हो रही बारिश के बीच भी बस्तर दशहरे का आकर्षण एवं वैभव नजर आया।

# राज परिवार ने की कालबान बंदूक की पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 03 अक्टूबर।** बस्तर में विजयदशमी पर्व के दौरान बस्तर के ज परिवार द्वारा हर साल की तरह इस साल - राज महल में शस्त्र और अश्वों की पूजा की । दरअसल, बस्तर दशहरा के दौरान बस्तर के राज महल में आम लोगों को भी जाने की अनुमति होती है। बस्तर राज परिवार के कमलचंद भंजदेव के द्वारा विजयदशमी के मौके पर राज परिवार के पास मौजूद शस्त्रों और संसाधनों और अश्वों की पूजा बड़े ही धूम-धाम से की गई। माई दंतेश्वरी मंदिर में भी माँ दंतेश्वरी के साथ 200 साल पुराने कालबान बंदूक की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद आरती की गई।

शस्त्र पूजा की रस्म में एक खास कहानी जुड़ी हुई है, जिसके तहत मां दंतेश्वरी मंदिर में शस्त्र पूजा की रस्म में एक खास कहानी राजकुमारी मेघावती के कालबान बंदूक और माईजी के निशान (लाट) को ससम्मान मंदिर में स्थापित कर परंपरा अनुसार शस्त्र पूजा की जाती है।

बस्तर के जानकार बताते हैं, कि मेघावती पासकंड की राजकुमारी थी और राजकुमारी मेघावती ने लगभग 200 साल पूर्व कालबान बंदूक बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को भेंट की थी। तब से यह बंदूक मां दंतेश्वरी के मंदिर में रखा गया है। गुरुवार को विजयदशमी के दिन इसे मंदिर से बाहर निकाला गया और इसकी पूजा की गयी। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

**8 फीट लंबी और 20 किलो वजनी है कालबान**

कालबान बंदूक करीब 8 फीट लंबी और 20 किलो से ज्यादा वजनी है। कालबान के साथ ही देवी निशान (लाट) दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित करने वाले तुकाराम यादव बताते हैं हैं। कि देवी निशान (लाट) राजमहल परिसर में मंदिर निर्माण के मौके पर सन 1894 में राज परिवार ने उनके पूर्वजों को सौंपा था, तब से बस्तर दशहरा के दौरान उनके परिवार के लोग इस लाट को मंदिर में स्थापित करने की परंपरा का निर्वहन करते चले आ रहे हैं। इस कालबान बंदूक और लाट को बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म भीतर रैनी और बाहर रैनी रस्म के लिए मंदिर से पूजा के लिए बाहर निकाला जाता है, और बकायदा इसकी पूजा की जाती है।

**रियासतकाल काल से चल रही परपरा**

बस्तर राजपरिवार के उत्तराधिकारी कमलचंद भंजदेव ने बताया कि इस खास शस्त्र की पूजा के साथ-साथ राज महल में अश्वों की पूजा भी की जाती है। इस परंपरा को

एक नजर

## जिले में कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**महासमुंद 3 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार आज जिले में कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कुष्ठ कार्यालय में किया गया, जहाँ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ. राव ने बताया कि 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले कुष्ठ जागरूकता सप्ताह के दौरान ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक समाज में व्याप्त कुष्ठ रोग संबंधी भ्रांतियों को दूर करने, कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करने तथा छुपे हुए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें एमडीटी उपचार से लाभान्वित कराने संबंधी जानकारी देंगे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को वाचन पत्र पढ़कर यह शपथ दिलाई गई कि वे कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करेंगे और छुपे हुए रोगियों की पहचान कर उनके उपचार हेतु कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राव, उपस्थित कर्मचारियों, मितानिनों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कुष्ठ जागरूकता सप्ताह को सफल बनाने की अपील की।

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में 47 महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर की जांच

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गर्भाशय (सर्वाइकल) कैंसर की जांच, बचाव और जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो और श्रीमती लक्ष्मी पटेल उपस्थित रहीं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान कुल 47 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी यदि प्रारंभिक अवस्था में पहचान ली जाए, तो उसका इलाज संभव है और समय रहते जीवन की रक्षा की जा सकती है। विशेषज्ञ डॉ. काकोली पट्नायक ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ता है, असामान्य रक्तस्राव और दर्द जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन सबसे प्रभावी उपाय है, जिसे 9 से 26 वर्ष की लड़कियों को देना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को नियमित रूप से पैप स्मीयर और एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए ताकि समय पर किसी भी संक्रमण या कैंसर की पहचान हो सके।

### ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए डेस्कटॉप पब्लिशिंग में निःशुल्क प्रशिक्षण का अवसर

**महासमुन्द 3 अक्टूबर।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए कम्प्यूटर में डेस्कटॉप पब्लिशिंग में निःशुल्क प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 45 दिनों का रहेगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 6 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन करा सकते है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड को 2-2 छायाप्रति, अंकसूची न्यूनतम 12 वीं उत्तीर्ण एक छायाप्रति एवं पासपोट साईज की 5 फोटो शामिल है। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी द्वारा बड़ौदा आरसेटी बरोण्डा बाजार में उपस्थित होकर या कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673, अक्षय सिंग राजपूत के मोबाईल नम्बर 8319462874 एवं राजू निर्मलकर के मोबाईल नम्बर 9131065767 पर सम्पर्क कर पंजीयन कराया जा सकता है। सम्पर्क करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक है।

### विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर विलेज एक्शन प्लान का अनुमोदन किया गया

**कांकेर 3 अक्टूबर ।** गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजन कर ग्रामसभा में तैयार किये गए विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा एवं अनुमोदन की कार्यवाही की गई। विशेष ग्राम सभा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान पर ग्रामों को प्रेषित की जाने वाली पाती का वाचन किया गया, साथ ही आदि सहयोगी, आदि साथी एवं ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों द्वारा अपने ग्राम को विकसित करने के लिए शपथ ली गई।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े हुए प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल है, जिनमें आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

असत्य पर सत्य की जीत, लंका नरेश रावण के पुतले का हुआ दहन

# शहर के तीन स्थानों के रावणदहन में शामिल हुए वित्तमंत्री, पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

**रायगढ़,3 अक्टूबर।** विजयादशमी पर्व के अवसर पर शहर में मुख्यरूप से तीन स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। तीनों स्थानों पर क्रमशः रायगढ़ विधायक व वित्तमंत्री ओपी चौधरी रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिससे देर रात तक शहर में गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही, इस दौरान शहर के सभी मार्ग करीब घंटाभर के लिए पूरी तरह से जाम हो गया था, लेकिन पुलिस की तैनाती के बाद भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं भीड़ को देखते हुए इस बार बड़ी संख्या में पुलिस की ड्यूटी लगाई थी।उल्लेखनीय है कि शहर में समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया था। जो अलग-अलग समय में तीनों जगह रावण के पुतले का दहन किया गया। ऐसे में रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक पांडे ने बताया कि नवरात्र शुरू होने के बाद से ही रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन हो रहा था, जो गुरुवार को दसवें दिन दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद समाप्त हुआ। वहीं अन्य सालों की तरह इस साल भी शहर के अलग-अलग चार स्थानों पर यह कार्यक्रम किया गया, जिसमें रामलीला मैदान, संजय मैदान, नटवर स्कूल





मैदान व मिनी स्टेडियम चक्रधर नगर में रावण का प्रतिमा तैयार किया गया था। जहां शाम होते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया और देर रात तक चलता रहा। इस बीच आयोजन समिति द्वारा आयोजित किए गए रामलीला में राम-रावण युद्ध के बाद रावण का दहन किया गया। वहीं बताया जा रहा है कि रायगढ़ के रामलीला मैदान में परंपरा के अनुसार पिछले पांच दशक से ज्यादा समय से रामलीला का मंचन होता आ रहा है। इस कारण अब इस खेल मैदान का नामकरण ही रामलीला मैदान के नाम पर हो चुका है। जिससे जिले भर के लोग इसी नाम से पुकारते हैं । प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा नवरात्रि के पूरे दस दिनों तक रामलीला का मंचन किया है,जिसमें पूरे नवरात्र भर शाम होते ही यहां लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती थी और लोग पूरे उत्साह के साथ रामलीला का आनंद उठा रहे थे।वहीं इस संबंध में सार्वजनिक रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक पांडेय ने बताया कि गुरुवार शाम 5.30 बजे रामलीला मैदान से रामजी की सवारी निकली थी जो शहर के चौक-चौराहे होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां राम-रावण युद्ध के बाद रात करीब 10.30 बजे असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक रावण के 57 फीट के पुतले को दहन किया गया। वहीं चक्रधरनगर दशहरा समिति के संरक्षक पंकज कंकरवाल ने बताया कि मिनी स्टेडियम में शाम करीब 7 बजे कार्यक्रम शुरू हो गया था, जो देर शाम करीब 8 बजे रावण दहन किया गया। वहीं युवा समिति स्टेशन चौक के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार नटवर स्कूल मैदान में करीब 53 फीट ऊंची रावण का पुतला तैयार किया गया था जो रात करीब 8.30 बजे दहन किया गया, साथ ही रामभाठा संजय मैदान में भी 50 फीट ऊंचा रावण के प्रतिमा का दहन किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस बार रावण दहन कार्यक्रम में रामलीला मैदान में मुख्य अतिथि वित्तमंत्री ओपी चौधरी, शंकर अग्रवाल रहे, इसके साथ ही महापौर जीवर्धन चौहान, गुरुपाल भल्ला सहित अन्य भाजपा नेता शामिल रहे। इसके साथ ही नटवर स्कूल मैदान और मिनी स्टेडियम में भी मुख्य अतिथि के तौर पर ओपी चौधरी, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, आरएसएस के प्रांताध्यक्ष, उमेश अग्रवाल, गरुपाल भल्ला सहित अन्य लोग शामिल रहे। जो बारी-बारी से तीनों कार्यक्रम में भाग लिया।

# हत्या के प्रयास और एनडीपीएस मामले का फरार आरोपी चंद्रकांत निषाद गिरफ्तार

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** थाना कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट के गंभीर अपराधों में फरार चल रहे आरोपी चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू 28 वर्ष निवासी इंदिरा नगर रायगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक कारए एक्टिवा बाइक और बस का डंडा बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट का अपराध क्रमांक 472.2025 धारा 22ए 29 दर्ज थाए जिसमें चंद्रकांत निषाद फरार चल रहा था। आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला 359.2025 भी दर्ज है।



जानकारी के मुताबिक 23 जुलाई को जोगीडीपा निवासी गोविंदा सारथी अपने साथी सचिन यादव के साथ रामझरना से लौट रहा था। महिंद्रा शो.रूम के पास आरोपी चंद्रकांत व उसके साथियों ने गाड़ी रोककर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी पीपी सारथी ने चाकू से हमला कर गोविंदा को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 3592025 दर्ज किया गया था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। जिनमें से कुछ साथियों को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी थी।

### नशीली दवाओं की तस्करी करता था

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि चंद्रकांत निषाद उड़ीसा से नशीली दवाएं लाकर रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था। इसी कड़ी में पहले उसकी महिला सहयोगी रुखसार सारथी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं चक्रधरनगर पुलिस ने धीरज बरेठ को भी नशीली इंजेक्शन बेचते पकड़ा थाए जिसने पूछताछ में चंद्रकांत निषाद और उड़ीसा निवासी अशोक अग्रवाल का नाम सप्लायर के रूप में उजागर किया था।पुलिस ने आरोपी चंद्रकांत निषाद से मारपीट में प्रयुक्त कार सीजी 16 सीजे 0236 और एक बांस का डंडा तथा एनडीपीएस एक्ट में एक्टिवा सीजी 13 बीडी 7085 जब्त किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए एनआईटी रायपुर और डीएसआईआर की साझी पहल

**धमतरी, 2 अक्टूबर ।** महिलाओं के कौशल विकास और आजीविका संवर्धन के लिए धमतरी में महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए एन.आई.टी. रायपुर और डी.एस.आई.आर. की साझी पहल की है । डी.एस.आई.आर. का छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि भारत में पहला प्रोजेक्ट है ।धमतरी जिला ऐतिहासिक रूप से अनाज और वन-आधारित उपज के उत्पादन में अग्रणी रहा है, जो इस क्षेत्र में ग्रामीण आजीविका की रीढ़ हैं।

बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं कृषि और वन-आधारित व्यवसायों में संलग्न हैं। उत्पादन बढ़ाने, बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने और आजीविका के अवसरों में सुधार के लिए, वैज्ञानिक क्षमता निर्माण, मूल्य संवर्धन और कौशल विकास की अत्यधिक आवश्यकता है।

नशे के धंधे में लिप्त महिला पकड़ाई

# पुलिस ने नशीली दवाओं का जखीरा व साढ़े 8 लाख रुपए बरामद किया



**रायगढ़,3 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लैलूंगा पुलिस ने कल देर रात एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ग्राम दुर्गापुर लारीपानी से नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के घर से नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा और नगदी 8.40 लाख रुपये जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड से नशीली दवाओं की तस्करी कर सीमावर्ती जिलों में खपाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा लैलूंगाए तमनार और घरघोड़ा थाना प्रभारियों को मुखबिर सक्रिय कर कड़ी निगरानी रखने कहा गया था।इसी कड़ी में बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी रोहित बंजारे के नेतृत्व में टीम ने दुर्गापुर लारीपानी निवासी धनुर्जय यादव के मकान की घेराबंदी की। छापेमारी में धनुर्जय यादव घर पर नहीं मिलाए लेकिन उसकी पत्नी तिलोत्तमा यादव उम्र 25 वर्ष घर में मौजूद मिली। तलाशी में उसके घर पर मिले नशीली दावों के जखीरा को लेकर पूछताछ करने पर महिला ने स्वीकार किया कि वह अपने पति के साथ मिलकर नशीली दवाओं की बिक्री करती है। गवाहों की मौजूदगी में घर की तलाशी लेने पर पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली दवाएं और नशीली दावों की अवैध बिक्री से अर्जित नगदी जब्त की।

# सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने प्रतिभागी 27 अक्टूबर तक कर सकते है ऑनलाइन पंजीयन

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल http://www.sansadkhelmahotsav.in लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत व्यक्तिगत खेल के तहत 100 मीटर दौड़, लम्बीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी तथा गेड़ी दौड़ को शामिल किया गया है एवं दलीय खेल के तहत व्हालीबॉल, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी आदि खेल सम्मिलित है। व्यक्तिगत खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में 15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तथा दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाडियों के मध्य आयोजित होगा।

# सेना की सेवा कर गांव लौटे बेटे का शानदार स्वागत किया

**नारायणपुर, 3 अक्टूबर।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के पालकी गांव का माहौल रविवार को देशभक्ति और गर्व से सराबोर हो गया। गांव का बेटा सुखदेव दुग्गा, जिसने थल सेना में पूरे 24 साल सेवा करने के बाद सेवानिवृत्ति ली, जब अपने गांव लौटा तो ग्रामीणों ने उसे गले लगाकर, आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यह क्षण न केवल सुखदेव और उसके परिवार के लिए बल्कि पूरे पालकी गांव और जिले के लिए गर्व का विषय रहा।

सेवानिवृत्त हवलदार सुखदेव दुग्गा का स्वागत जगदीश मंदिर परिसर में परंपरागत ढंग से किया गया। अखिल भारतीय रिटायर्ड सेना परिषद और ग्रामीणों ने मिलकर तिलक और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद



गांव और जिला मुख्यालय में सम्मान यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और घर-घर में आरती उतारकर उन्हें नायक की तरह सम्मानित किया। पूरा पालकी गांव इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बना।सुखदेव दुग्गा ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में उन्होंने थल सेना ज्वाइन की थी। उस समय नारायणपुर नक्सलवाद के चरम दौर से गुजर रहा था। लोगों में भय का माहौल था, यहां तक कि सेना या सुरक्षा बलों में भर्ती होने का नाम लेते ही डर लगता था। मगर देश सेवा की भावना ने उन्हें साहस दिया और वह सेना में भर्ती हो गए। 24 साल देश सेवा करने के बाद जब घर लौटा हूं तो अपार खुशी है कि अब नक्सलवाद अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है उन्होंने कहा।युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज का समय अवसरों से भरा है। गांव और जिले के युवा आगे बढ़कर सेना में भर्ती हों और देश की सेवा करें। साथ ही उन्होंने नक्सलवाद की ओर भटके युवाओं से भी अपील की कि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें।इस अवसर पर सुखदेव दुग्गा के साथी और गांव के निवासी जागेश उसेंडी ने कहा सुखदेव के 24 साल देश सेवा कर लौटने का पल पूरे गांव के लिए गौरवशाली और भावुक करने वाला है। यह दृश्य आजीवन याद रहेगा। उनके स्वागत में गांव का हर घर शामिल हुआ, यह इस बात का प्रतीक है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में भी लोग अब विकास और देशभक्ति की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी गर्व व्यक्त किया कि उनके गांव का बेटा सेना से सम्मानपूर्वक सेवा पूरी कर लौटा है।

# 11 अक्टूबर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जशपुर में

**जशपुर 3 अक्टूबर ।** शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत जिला शतरंज संघ जशपुर के तत्वावधान में आगामी 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जशपुर में किया जाएगा। इस 'चेकमेट/जशपुर' पहल के अंतर्गत कम्युनिटी हॉल, जशपुर नगर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 11 अक्टूबर को सुबह 9ः30 बजे तथा समापन 13 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगा।

इस प्रतियोगिता में कुल 2. लाख 51 हजार रुपये का नगद ईनाम और आकर्षक ट्रॉफियां रखी गई हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 11 रुपये के साथ ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। विशेष श्रेणी पुरस्कार के तहत सर्वश्रेष्ठ जशपुर, सर्वश्रेष्ठ सरगुजा डिवीजन, सर्वश्रेष्ठ महिला, वरिष्ठ खिलाड़ी (55.), दिव्यांग प्रतिभागियों सहित विभिन्न वर्गों के विजेताओं के लिए अलग पुरस्कार दिए जाएंगे।

इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के लिए भी अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 वर्ग में भी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रत्येक आयु वर्ग के विजेताओं को नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जशपुर जिले के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क के रूप में 100 रुपये जमा करने होंगे एवं अन्य जिलों के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क 500 रूपये निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ राज्य चौस एसोसिएशन (सीजीएससीए) का वार्षिक पंजीकरण करवाना भी अनिवार्य है, जिसका शुल्क जशपुर के निवासियों हेतु 75 रुपये एवं अन्य जिलों के खिलाड़ियों हेतु 150 रुपये निर्धारित है।प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रथम 50 पुरुष और 30 महिला प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क डॉरमेट्री आवास उपलब्ध कराया जाएगा। स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन भी रियायती दरों पर प्रतियोगिता स्थल पर उपलब्ध रहेगा। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए सशुल्क होटल सुविधा भी रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी।प्रतियोगी के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर +91-7828697878,+91-8770453053, 91-8770491200 अथवा एंट्री फार्म संबंधी जानकारी के लिए एफए हर्ष शर्मा मो. नं. 91-8982636269 अथवा सीजीएससीए पंजीकरण संबंधी जानकारी के लिए एसएनए. अनिल शर्मा मो. +91-9907733189 पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिला शतरंज संघ, जशपुर द्वारा सभी शतरंज प्रेमियों से इस भव्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

समाचार संक्षेप

## बुक फेयर में विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिखाई,किताबों में रुचि



**रायपुर, 3 अक्टूबर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ 2025 रजत जयंती समारोह के श्रृंखला के अंतर्गत विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में बुक फेयर का आयोजन किया गया।बुक फेयर में विभिन्न प्रकाशकों के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न लेखकों के पाठ्यक्रमों के पुस्तकों के अतिरिक्त साहित्यिक और मोटिवेशनल बुक भी विद्यार्थियों ने खरीदने में रुचि दिखाई। बुक फेयर के उदघाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि बुक फेयर में विद्यार्थियों की भीड़ और किताब खरीदने में उनकी इच्छा यह बताता है कि अभी भी विद्यार्थी में पुस्तक पढ़ने की रुचि बनी हुई है। मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के कारण पुस्तकों का महत्व जरूर कम हुआ है। परंतु पुस्तकों को हाथ में रखकर अक्षरों को स्पर्श करते हुए करते हुए पढ़ना और किताबों की दुनिया का आनंद लेने का अनुभव अगर एक बार विद्यार्थी कर ले तो किताब पढ़ने की आदत होना निश्चित है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने किताबों के बीच अपना कुछ समय बिताया और अपनी मनपसंद किताब खरीद कर ले गए।

## महिला सम्मेलन में महिला शिक्षकों का हुआ सम्मान





**रायपुर, 3 अक्टूबर।** पंजाबी सनातन सभा की महिला मंडल द्वारा वृंदावन हाल में मासिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं का सम्मान कर उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु गुप्ता, महासचिव श्रीमती मीना बजाज एवं विजयलक्ष्मी, ऋतु मारवाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## बिजली बिल की चिंता खत्म: पीएम सूर्य घर योजना ने बदल दी दिलीप कुमार श्रीवास की जिंदगी

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** रायगढ़ के कृष्णा वैली में रहने वाले श्री दिलीप कुमार श्रीवास के लिए बिजली का बढ़ता खर्च कभी एक बड़ी चिंता का विषय था। एक मध्यवर्गीय परिवार के लिए हर महीने आने वाला भारी-भरकम बिजली बिल, खासकर गर्मियों में पंखों और कुलर के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण, घरेलू बजट पर भारी दबाव डालता था। उनका मासिक बिजली बिल अक्सर 3,000 रुपए तक पहुँच जाता था। इसी दौरान श्री श्रीवास को शासन की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के बारे में पता चला। इस योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और आवश्यक सरकारी सब्सिडी उपलब्ध कराना है। श्री श्रीवास ने इस अवसर का लाभ उठाने का फैसला किया। सरकारी सब्सिडी और सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी की मदद से पूरी प्रक्रिया उनके लिए बेहद आसान हो गई। कुछ ही हफ्तों के भीतर, उनके घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित हो गए और उनका घर अब सूरज की रोशनी से अपनी बिजली खुद बनाने लगा है।सौर ऊर्जा अपनाने का सबसे बड़ा और तत्काल लाभ उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ा है। जहाँ पहले हर महीने उन्हें 3,000 रुपए का बिल भरना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग समाप्त हो चुका है। पूरे घर की बिजली की जरूरतें अब स्वच्छ और हरित सौर ऊर्जा से पूरी हो रही हैं। श्री श्रीवास इस बदलाव से बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, सौर ऊर्जा अपनाना हमारे लिए जीवन बदल देने वाला फैसला साबित हुआ।

## खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बढ़ रही है सौर ऊर्जा की पहुंच

**खैरागढ़, 3 अक्टूबर।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में घर की छतों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।योजना के अनुसार लाभार्थियों को 1 किलोवॉट सिस्टम पर 45,000, 2 किलोवॉट सिस्टम पर 90,000 और 3 किलोवॉट अथवा उससे अधिक क्षमता पर 1,08,000 तक की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। इस योजना का फायदा उठाकर उपभोक्ता अपने बिजली खर्च में बड़ी बचत कर रहे हैं। खैरागढ़ शहर के गोलबाजार निवासी श्री प्रेमचंद जैन ने अपने घर में 9 किलोवॉट का सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाया है। उनका कहना है कि सोलर ऊर्जा से उनके बिजली बिल में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आई है और अब मासिक बिल केवल 800 के करीब रह गया है।

एक नजर

### विमेंस वर्ल्ड कप में आज इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला




**गुवाहाटी, 03 अक्टूबर।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप का चौथा मैच इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा। मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। दोनों टीमों का यह पहला मैच होगा। इंग्लैंड ने अपने दोनों अभ्यास मैचों में जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में एलिस कैप्सी और एम्मा लैम्ब ने अर्धशतक लगाए और सारा ग्लेन ने 5 विकेट लिए। दूसरी तरफ साउथ अफ्रीका विमेंस ने भी पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड विमेंस और साउथ अफ्रीका विमेंस के बीच अब तक 46 वनडे मैच खेले गए हैं। जिसमें इंग्लैंड ने 35 मैच जीते। वहीं साउथ अफ्रीका विमेंस ने 10 मैच में जीत हासिल की है। पिछले 10 मैचों के आंकड़ों में भी इंग्लैंड आगे हैं। टीम ने 8 मैच अपने नाम किए है। इंग्लैंड के लिए 2025 में विकेटकीपर एमी जोन्स ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 9 मैच खेले जिसमें 2 शतक की मदद से 410 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट करीब 92 का रहा। वहीं बॉलिंग डिपार्टमेंट में सोफी एक्लेस्टोन टॉप बॉलर रही। उन्होंने 6 मैच में 4.25 की शानदार इकोनॉमी में 12 विकेट चटकाए।

# वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मीराबाई चानू को सिल्वर मेडल

## 199केजी वेट उठाया; पहले भी इस प्रतियोगिता में दो मेडल जीत चुकी हैं

**ओस्लो, 03 अक्टूबर।** नॉर्वे के फोर्डे में आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने 48द्मद्द कैटेगरी में सिल्वर मेडल हासिल किया है। मीराबाई ने कुल 199द्मद्द (84 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर यह मेडल अपने नाम किया।

स्नैच में वह 87किग्रा के दो प्रयासों में असफल रहीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने शानदार वापसी की और अपने तीनों प्रयास (109 किग्रा, 112 किग्रा और 115 किग्रा) आसानी से पूरे किए। खास बात यह है कि मीराबाई ने आखिरी बार 115किग्रा का वजन 2021 टोक्यो ओलिंपिक में उठाया था, जहां उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

उत्तर कोरिया की रि सोंग गुम चैंपियन बनीं

प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल उत्तर कोरिया की रि सोंग गुम के नाम रहा। उन्होंने 213किग्रा (91



किग्रा स्नैच + 122 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। उनके अंतिम दो प्रयास 120किग्रा और 122किग्रा वेट उठाया। इस मुकाबले का ब्रॉन्ज मेडल थाईलैंड की थनयाथोन सुक्चारो ने जीता। उन्होंने 198 किग्रा (88 + 110किग्रा) वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। मीराबाई का वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीसरा मेडल है। 2017 में वह वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं और 2022 में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

31 साल की चानू पहले 49 किलो वर्ग में वेटलिफ्टिंग करती थी। हालांकि, 2024 के पेरिस ओलिंपिक में 49 किलो वर्ग हटा दिया गया, जिस वजह से उन्हें 48 किलो वर्ग में शिफ्ट होना पड़ा।

भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने 25 अगस्त को अहमदाबाद में हुए कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत था। उन्होंने 48द्मद्द वेट कैटेगरी में 193 चत्न वेट उठाया था। स्नैच में उनकी बेस्ट लिफ्ट 84 चत्न की रही, वहीं क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 चत्न वजन उठाया था। चानू पेरिस ओलिंपिक के बाद पहली बार किसी इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उतरी थीं। 2020 टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट चानू पेरिस ओलिंपिक में मेडल जीतने से चूक गई थीं। तब वे चौथे स्थान पर रही थीं।

चानू अभी अपने पर्सनल बेस्ट से काफी दूर हैं। स्नैच में उनका पर्सनल बेस्ट 88किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 119किग्रा है। इस तरह उनका कंबाइंड पर्सनल बेस्ट 207किग्रा है। मीरा ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में 199 किग्रा वेट उठाकर पेरिस ओलिंपिक की बराबरी की। वहीं, टोक्यो ओलिंपिक में उन्होंने 202किग्रा वेट उठाया था।

## केएल राहुल का शतक, वाइफ अथिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा खास मैसेज




**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** भारतीय टीम के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, जब यशस्वी जायसवाल सिर्फ 36 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद साई सुदर्शन भी क्रीज पर नहीं टिक सके और 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने टीम के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली। राहुल ने सधी हुई बल्लेबाजी से बेहतरीन शतक लगाया।

केएल राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 197 गेंदों में कुल 100 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। उनके टेस्ट करियर का ये कुल 11वां शतक रहा है। वहीं भारतीय धरती पर उनका ये सिर्फ दूसरा शतक है। इससे पहले राहुल ने भारतीय धरती पर शतक साल 2016 में लगाया था। शतक जड़ने के बाद राहुल बहुत ही खुश हुए और उन्होंने अपना हेलमेट उतार कर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद उन्होंने मुंह में अंगुली देकर सीटी बजाने का इशारा किया।

केएल राहुल कुछ समय पहले ही एक बेटी के पिता बने थे। शायद उन्होंने ऐसा सेलिब्रेशन बेटी के लिए मनाया है। इस पर उनकी वाइफ अथिया शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में राहुल की फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि सर्वश्रेष्ठ के लिए सर्वश्रेष्ठ। वहीं दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि पापा केएल की ओर से नन्ही इवाराह के लिए एक गिफ्ट।

वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी पहली पारी में 162 रन बनाए थे। इसके बाद भारत ने अभी तक चार विकेट के नुकसान पर 271 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 109 रनों की हो गई है। राहुल ने 100 रन और कप्तान गिल ने 50 रन बनाए हैं। वहीं क्रीज पर ध्रुव जुरेल 40 रन और रवींद्र जडेजा 26 रन बनाकर मौजूद हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी ने कश्मीर पर किया था बवाल मचाने वाला कमेंट; अब दी सफाई

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** पाकिस्तानी महिला टीम को महिला वर्ल्ड कप 2025 में बांग्लादेश की टीम से 7 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश ने इस टारगेट को आसानी से चेज कर लिया। पाकिस्तान का मौजूदा वर्ल्ड कप में यह पहला ही मुकाबला था और उसी में हार झेलनी पड़ी। इस मैच में कॉमेंट्री के दौरान पाकिस्तानी टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने कश्मीर को लेकर विवादित बयान दे दिया था, जिस पर उन्होंने सफाई दी है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जब पाकिस्तानी प्लेयर नतालिया परवेज बल्लेबाजी के लिए उतरी थीं, तब सना मीर ने कहा कि नतालिया आजाद कश्मीर से आती हैं और उन्हें



क्रिकेट खेलने के लिए लाहौर आना पड़ता है। उनके इस विवादित बयान के बाद ही बवाल मच गया, क्योंकि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर जबरन कब्जा कर रखा है। कश्मीर के जिस हिस्से पर पाकिस्तान ने कब्जा जमाया हुआ है। उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहा जाता है, जबकि सना मीर ने उसे आजाद कश्मीर बता दिया।

अब सना मीर ने अपने बयान के बाद सफाई दी है। उन्होंने कहा कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी के गृहनगर के बारे में मेरी टिप्पणी का उद्देश्य केवल यह बताना था कि पाकिस्तान के एक खास क्षेत्र से आने के कारण उसे किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसका सफर कैसा रहा। यह उस कहानी का हिस्सा है जो हम कमेंटेटर के तौर पर बताते हैं कि खिलाड़ी कहां से आते हैं। कृपया इसका राजनीतिकरण न करें। वर्ल्ड फीड पर एक कमेंटेटर के तौर पर हमारा काम खेल, टीमों और खिलाड़ियों पर फोकस करना है। मेरे दिल में कोई दुर्भावना नहीं है या भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं है।

## एशिया कप का सबसे बड़ा खिलाड़ी भारत लौटते ही गोल्डन डक का शिकार

**कानपुर, 03 अक्टूबर।** एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा खिलाड़ी जैसे ही देश लौटा और वनडे मैच में खेलने के लिए उतरा, अचानक फुस्स पटाखा साबित हुआ। हम बात कर रहे हैं अभिषेक शर्मा की, जिन्होंने एशिया कप के दौरान विरोधी टीम के गेंदबाजों में खौफका माहौल बना दिया था, लेकिन अब जब वे भारत ए बनाम ऑस्ट्रेलिया ए मैच में खेलने उतरे तो पहली ही बॉल पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम इस वक्त भारत के दौरे पर है। यहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहले मैच कानपुर में था, जो निर्धारित तारीख को नहीं हो पाया, क्योंकि उस दिन जबरदस्त बारिश हो गई, लेकिन अगले दिन इस मैच को कराया गया तो भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद अब दूसरा मैच भी कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच से एशिया कप के कई विजेताओं की भी वापसी हुई है। अभिषेक शर्मा ने? एशिया कप के दौरान विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की थी, वहीं तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करके दिखाई थी।



इस मैच में तिलक वर्मा ने तो अपन फार्म जारी रखा और रन बनाए, लेकिन सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे अभिषेक शर्मा आउट हो गए। वे पहली ही बॉल पर शून्य के स्कोर पर चलते बने। इतना ही नहीं, जब टीम का स्कोर केवल 6 रन था, तभी दूसरे ओपनर प्रभसिमरन सिंह भी एक रन बनाकर चले गए। इस सीरीज के दौरान भारत ए की कप्तानी श्रेयस अय्यर कर रहे हैं, जो केवल 8 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि तिलक वर्मा और रियान पराग ने जरूर ठीक पारी खेलकर इस झटके से टीम को बाहर निकालने का काम किया।

भारत ए की टीम अगर इस मैच को भी जीत जाती है तो सीरीज अपने नाम कर लेगी। तीसरा मैच इसके बाद रविवार को खेला जाना है। जल्दी ही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने वाली है। जहां तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाने हैं। इसके लिए जल्द ही बीसीसीआई को टीम का ऐलान करना है।



# आरबीआई के अनुमान से भी कम रहेगी महंगाई दर : एसबीआई

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** भारत में महंगाई दर वित्त वर्ष 26 (चालू वित्त वर्ष) और वित्त वर्ष 27 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम रहेगी। यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय बैंक की एप्रोच को मौद्रिक नीति के रूप में नहीं, बल्कि एक नियामक नीति के रूप में देखा जाना चाहिए, जे कि भारत की यूनिक आर्थिक स्थिति को दिखाता है।

एसबीआई की ओर से कहा गया कि महंगाई में कमी आने के कई कारण हैं, जिसमें मानसून की अच्छी प्रगति, मजबूत जलाशय स्तर, खाद्यान्न के पर्याप्त भंडार और जीएसटी सुधार है। यह सभी कारक मिलकर उम्मीद से अधिक तेजी से महंगाई को कम रहे हैं। आरबीआई की ओर से वित्त वर्ष 26 के लिए खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 50 आधार अंक घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया गया है। यह अप्रैल के अनुमान से 160 आधार अंक कम है। हालांकि, एसबीआई का मानना है कि वित्त वर्ष 26 और वित्त वर्ष 27 में महंगाई दर उम्मीद से कम रहेगी। केंद्रीय गवर्नर ने वित्त वर्ष 26 (चालू वित्त वर्ष) के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया, जो कि अगस्त 3.1 प्रतिशत पर था।



चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर के अनुमान को 2.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के अनुमान को 3.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 4 प्रतिशत कर दिया है।

आरबीआई ने अनुमान में आगे बताया कि वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में महंगाई 4.5 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई ने अक्टूबर की मौद्रिक नीति में वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया गया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और अस्थिर बाजारों को देखते हुए, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा दरों को अपरिवर्तित रखने का निर्णय तर्कसंगत प्रतीत होता है। इसमें यह भी कहा गया है कि आरबीआई का संचार अपेक्षाओं को दिशा देने और उसकी नीतिगत दिशा में स्पष्टता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## इलेक्ट्रिक गाड़ियों में अब 'आवाज' होगा जरूरी!

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती संख्या के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रालय ने ध्वनिक वाहन अलर्टिंग सिस्टम यानी AVAS को अनिवार्य करने का मसौदा अधिसूचना जारी किया है, जिसका मुख्य लक्ष्य पैदल यात्रियों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, मंत्रालय द्वारा जारी ड्राफ्ट अधिसूचना के मुताबिक, इस नियम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में 1 अक्टूबर 2026 से बाजार में लॉन्च होने वाले सभी नए इलेक्ट्रिक गाड़ियों के मॉडलों में AVAS लगाना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरे चरण में 1 अक्टूबर 2027 से यह नियम मौजूदा मॉडलों पर भी लागू कर दिया जाएगा। खबर के मुताबिक, अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि कैटेगरी रू और ह के इलेक्ट्रिक गाड़ियों में AVAS लगा होना आवश्यक होगा।

### एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट

## भारत को हर हफ्ते मिल रहा एक नया अरबपति

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** भारत में अरबपति लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस साल अब तक हर हफ्ते एक नया बिलेनियर देश को मिला है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक, भारत में अब 350 अरबपति हैं, जो 13 साल पहले जब यह सूची पहली बार जारी की गई थी, तब की तुलना में छह गुना अधिक है। हुरुन लिस्ट के 14वें संस्करण में 1,687 ऐसे कारोबारियों के नाम शामिल हैं जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपए से अधिक है। इस लिस्ट में 284 नए लोगों को शामिल किया गया है, जिससे पिछले साल के मुकाबले इस सूची में मौजूद कारोबारियों की संख्या में 148 का इजाफा हुआ है। वहीं, बीते पांच वर्षों में यह संख्या 859 बढ़ी है।

रिपोर्ट में बताया गया कि इस सूची में शामिल लोगों की संयुक्त



संपत्ति बढ़कर 167 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा स्पेन की जीडीपी से अधिक और भारत की जीडीपी के बराबर है। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक उतार-चढ़ाव और तनाव के कारण लिस्ट में शामिल लोगों की औसत संपत्ति गिरकर 9,850 करोड़ रुपए रह गई है, जो कि पिछले साल 10,320 करोड़ रुपए थी। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर लोग और भी अधिक अमीर और युवा होते जा रहे हैं। शीर्ष 10 अमीरों की सूची में प्रवेश के लिए सीमा पिछले साल के 1.63 लाख करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि उनकी औसत आयु घटकर 69 वर्ष हो गई है, जो पहले से तीन साल कम है।

स्टार्टअप वेल्थ क्रिएशन में अहम भूमिका निभा रहे हैं और 2025 में कुल 97 स्टार्टअप फाउंडर्स ने इस लिस्ट में जगह बनाई है। लिस्ट में शामिल अरबपतियों में से 137 फार्मा सेक्टर से, 132 इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स से और 125 केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल्स से हैं।

## चेन्नई के अरविंद श्रीनिवास बने भारत के सबसे युवा अरबपति

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** चेन्नई में जन्मे अरविंद श्रीनिवास ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए भारत के सबसे युवा अरबपति होने का गौरव हासिल किया है। यह जानकारी इंडिया रिच लिस्ट 2025 से सामने आई है। श्रीनिवास ने महज कुछ साल पहले 2022 में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप की शुरुआत की थी, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।



श्रीनिवास लोकप्रिय AI प्लेटफॉर्म के सीईओ और सह-संस्थापक हैं। हाल के दिनों में इस AI प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है और इसके सक्रिय यूजर्स की संख्या 212 करोड़ तक पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, अरविंद श्रीनिवास की कुल संपत्ति 21,190 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस प्रतिष्ठित सूची में जेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा (22) और आदित पालीचा (23) जैसे अन्य युवा उद्यमियों के नाम भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अब कुल 358 अरबपति हो गए हैं, जबकि 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले लोगों की संख्या 1,687 हो गई है। 7 जून 1994 को चेन्नई में जन्मे अरविंद श्रीनिवास की बचपन से ही विज्ञान और समस्याओं को सुलझाने में गहरी रुचि थी।

## जगुआर लैंड रोवर जल्द शुरू करेगा मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े काम

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर।** टाटा मोटर्स की सब्सिडरी कंपनी जगुआर लैंड रोवर ने कहा कि वे आने वाले दिनों में आंशिक रूप से मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कामों को फिर से शुरू करेंगे। इस महीने की शुरुआत में साइबर अटैक की वजह से ब्रिटेन की इस लग्जरी कार कंपनी का प्रोडक्शन पूरी तरह से ठप हो गया था।

टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को जगुआर लैंड रोवर के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि कंपनी साइबर सिक्यॉरिटी एक्सपर्ट्स, ब्रिटेन सरकार की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए जेब होगी ज्यादा ढीली




**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर।** अगर आपने आधार कार्ड अपडेट नहीं करवाया तो अब आपकी जेब अपडेट करवाने में ज्यादा हलकी होगी। 1 अक्टूबर से यूआईडीए ने चार्ज में बदलाव किया है। बदलाव के तहत सामान्य सुधार जैसे नाम या पता बदलने के लिए 75 रुपये शुल्क लगेगा। वहीं, बायोमेट्रिक जानकारी (फोटो, फिंगरप्रिंट, आइरिस) बदलने के लिए 125 रुपये देने होंगे। बच्चों (7 से 17 साल) के बायोमेट्रिक अपडेट के लिए भी अब 125 रुपये देने होंगे। हालांकि, नया आधार कार्ड बनवाने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और यह पहले की तरह फ्री रहेगा।

UIDAI ने कुछ उम्र समूहों को राहत भी दी है। 5 से 7 साल और 15 से 17 साल की उम्र के बच्चों/किशोरों का बायोमेट्रिक अपडेट एक बार फ्री रहेगा। इसके अलावा 7 से 15 साल के बच्चों के लिए 30 सितंबर 2026 तक बायोमेट्रिक अपडेट का चार्ज माफ किया गया है। ये कदम समय पर अपडेट को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/चार/रा.वि./1945/2025/257 दिनांक 30/09/2025

### उद्घोषणा

नगर पालिक निगम भिलाई/विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण भिलाई-दुर्ग द्वारा विभिन्न आवासीय, आवासीय सह व्यावसायिक एवं व्यावसायिक भूखण्डों को लीज पर इस शर्त पर आबंटित किया गया था कि 02 वर्ष या विहित समयावधि में लीजधारी द्वारा भवन निर्माण कर लिया जावेगा। निगम की सामान्य सभा द्वारा क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित कर विहित समयावधि में समय-समय पर वृद्धि की गई है। निगम की सामान्य सभा द्वारा पारित संकल्प क्रमांक 5 (ड़) 02 दिनांक 11.04.2025 के अनुसार सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया है कि प्रकरण में भवन निर्माण हेतु समय सीमा दिनांक 01.04.2022 के स्थान पर 31.03.2026 तक समयवृद्धि करते हुए भूखण्ड पर प्रशासक महोदय द्वारा दिनांक 20.04.2021 को पारित संकल्प अनुसार दर को यथावत् रखते हुए भवन क्षतिपूर्ति राशि लिया जावे एवं दिनांक 01.04.2026 के पूर्व लीज डीड में उल्लेखित नियमानुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त कर भवन निर्माण पूर्ण करना होगा। निर्धारित समयावधि में दिनांक 31.03.2026 तक भवन निर्माण नही किये जाने पर आबंटिती को अंतिम नोटिस देकर आबंटित भूखण्ड का आबंटन निरस्त किया जावेगा तथा उक्त भूमि निगम स्वामित्व का समझा जावेगा। यह पाया गया है कि अभी भी कई आबंटितियों द्वारा आबंटित भूखण्ड में भवन निर्माण प्रारंभ नही किया गया है। एतद् द्वारा सर्व-संबंधित को सूचित किया जाता है कि विहित समयावधि 31.03.2026 में अब कोई वृद्धि नही की जाएगी तथा दिनांक 31.03.2026 तक भवन निर्माण नहीं करने पर इसे लीज शर्तों का उल्लंघन मानते हुए लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए संबंधित लीजधारी/आबंटिती उत्तरदायी होंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

## एक नजर

### चामुंडा महाशक्ति महोत्सव का आयोजन 4 एवं 5 को

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** चामुंडा महाशक्ति महोत्सव सत्संग साधना शिविर का आयोजन 4 एवं 5 अक्टूबर को महामाया मंदिर पुरानी बस्ती में दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य आयोजित किया जा रहा है। उक्त यज्ञ में सर्व दुख दोष, दारिद्र भूत प्रेत, पिशाच, भय, रोग, शोक नाशक, भौतिक संपदा, आध्यात्मिक शक्ति जीवन सुरक्षा एवं भगवती चामुंडा की आराधना कर श्रद्धालुओं को शिव तत्व की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदाय की जाएगी। यह शिविर ध्यान योग जनजागृति सेवा संस्थान रायपुर मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में ब्रम्ह स्वरूप पूज्य गुरुदेव स्वामी कमलेश्वरानंद एवं ब्रम्हप्रिया पूज्या नम्रता कमलिनी ने संयुक्त रूप से दी।

### महादेवघाट में माता दुर्गा की 176 बड़ी मूर्तियों का हुआ विसर्जन



**रायपुर, 3 अक्टूबर।** महादेवघाट के समीप नगर पालिक निगम के विसर्जन कुण्ड में महानवमी तिथि से आदिशक्ति की प्रतीक देवी माँ दुर्गा की मूर्तियों का श्रद्धापूर्ण विसर्जन भक्तों द्वारा किये जाने का सिलसिला सुबह से ही प्रारम्भ है. आज विजयादशमी तिथि पर दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को सुबह से संध्या तक माता भक्तों द्वारा विसर्जन कुण्ड में माँ दुर्गा की 176 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन श्रद्धापूर्वक किया जा चुका है. उल्लेखनीय है कि भक्तों की सुविधा की दृष्टि से नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड स्थल पर क्रेन, गोताखोर, प्रकाश, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर किये गए हैं. दिनांक 2 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से दिनांक 5 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक विसर्जन कुण्ड स्थल पर चक्रीय आधार पर जोन की टीमों की ड्यूटी लगायी गयी है. महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर आज दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड स्थल पर माँ दुर्गा की मूर्तियों के श्रद्धापूर्ण विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित जोन क्रमांक 1 और जोन क्रमांक 8 के नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में करते हुए आवश्यक निर्देश नगर निगम जोन 1 और 8 के सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

### नया रायपुर में मेडिकल सिटी बसाने दी जाएगी आधुनिक सुविधाएं

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** नई राजधानी में शीघ्र ही मेडिकल सिटी बनाई जाएगी। यहां पर बाम्बे हॉस्टिपल सहित अन्य आधुनिक अस्पतालों के लिए जमीन आबंटित कर दी गई है। इसके अलावा फार्मा डिविजन भी बनाया जा रहा है, जहां पर दवाईयों का उत्पादन होगा। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता द्वारा जारी सूचना के अनुसार मेडिकल सिटी सेक्टर 27 से बसाई जाएगी। इसके अधोसंरचना का विकास किया जाएगा, जिसमें विद्युत, सड़क, पानी तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके लिए करीब 27 करोड़ का टेण्डर जारी किया गया है। नया रायपुर अटल नगर ग्राम तेन्दुआ, चेरिया, पौता में 125 एकड़ जमीन अधीकृत की गई है। जहां पर 5 स्टार होटल तथा आधुनिक रिसॉर्ट खोले जाएंगे। इसके लिए टेण्डर जारी कर दिया गया है। बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं। राज्य में आईटी पार्क के लिए भी जमीन आबंटित कर दी गई है। अटल नगर नवा रायपुर में समग्र विकास का प्रयास किया जा रहा है। मेडिकल सिटी बसाने का उद्देश्य राज्य के नागरिकों को आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके अलावा मनोरंजन के भी साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार अधीक्षण अभियंता के द्वारा यहां पर टेण्डर नोटिस जारी किया जाता है, जो कि इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं।

# 2 दिन तेज बारिश की चेतावनी, 28 जिलों में अलर्ट

## रायपुर में रातभर बरसा पानी, रायगढ़-गरियाबंद में बिजली गिरने से 6 मौतें, 15-अक्टूबर तक लौटेगा मानसून

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे के दौरान सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। रायपुर सहित कई क्षेत्रों में रातभर वर्षा होती रही और शुक्रवार सुबह से ही रुक-रुक कर बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक राज्य में बारिश का यह दौर जारी रह सकता है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई गई है। बारिश के आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक वर्षा पखांजूर में 60 मिमी दर्ज की गई है। वहीं, राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम



न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री पेंड्रारोड में रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम विभाग ने आज (शुक्रवार) कोरिया, मुंगेली और बलौदाबाजार जिलों में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बालोद, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, धमतरी, रायगढ़ समेत 25 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। बारिश के बीच बिजली गिरने की घटनाओं में जनहानि की खबरें भी सामने आई हैं। बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो महिलाएं गरियाबंद में और चार युवकों की मौत रायगढ़ जिले में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग तेज बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे या खेत से लौट रहे थे, तभी यह हादसे हुए।

**छत्तीसगढ़ में 15 अक्टूबर के बाद मानसून लौटने के आसार:** मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देश के कई हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफ से मानसून लौटना शुरू करता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार प्रदेश में मानसून करीब 15 अक्टूबर के बाद लौटेगा, यानी सामान्य से करीब 10 दिन देर।

### बेमेतरा में सबसे कम बरसा पानी

प्रदेश में अब तक 1167.4 मिमी औसत बारिश हुई है। बेमेतरा जिले में अब तक 524.5 मिमी पानी बरसा है, जो सामान्य से 50% कम है। अन्य जिलों जैसे बस्तर, राजनांदगांव, रायगढ़ में वर्षा सामान्य के आसपास हुई है। जबकि बलरामपुर में 1520.9 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 52% ज्यादा है। ये आंकड़े 30 सितंबर तक के हैं।

### क्यों होती है खंड वर्षा

**स्थानीय बादल बनना-** जब किसी छोटे इलाके में ज्यादा गर्मी से पानी भाप बनकर ऊपर जाता है और जल्दी ठंडा होकर बादल बनाता है, तो वहीं बारिश हो जाती है। पास के इलाके में अगर हवा और तापमान अलग हो तो वहां बारिश नहीं होती।

**भू-आकृति (टोपोग्राफी)-** पहाड़, नदी या जंगल वाले क्षेत्र में हवा की नमी फंस जाती है और बारिश करा देती है, जबकि बगल का इलाका सूखा रह सकता है।

**हवा की दिशा-** हवा अगर किसी खास जगह नमी लेकर रुक जाए या घूम जाए तो उसी जगह पर बरसात होती है, आस-पास सूखा रह सकता है।

**तापमान और नमी का अंतर-** किसी छोटे इलाके में अगर नमी ज्यादा है और तापमान तेजी से बदलता है तो वहीं बादल फट कर बारिश कर देता है।

# 43 लाख के अवैध डीजल-पेट्रोल के साथ नौ आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 3 अक्टूबर।** पुलिस ने थाना विधानसभा क्षेत्र के रिंग रोड नंबर 03 पर दो यार्डों में छापेमारी कर अवैध रूप से संग्रहित लाखों रुपये कीमत के डीजल और पेट्रोल को जब्त किया है. इस कार्रवाई में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दोनों यार्ड के संचालक फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है.

1 अक्टूबर को मिली सूचना के आधार पर रेंज साइबर थाना रायपुर और थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम ने टेकारी चौक और पिरदा चौक स्थित दो यार्डों पर छापेमारी की. टेकारी चौक के यार्ड से 15,300 लीटर पेट्रोल और 31,000 लीटर डीजल, जिसकी कीमत करीब 42,90,000 रुपये है, जब्त किया गया.

साथ ही, घटना में प्रयुक्त तीन ट्रक टैंकर, एक चाडी और दो प्लास्टिक पाइप भी बरामद किए गए. इस प्रकरण में रवि यादव, नीरज नेताम उर्फदउवाराम, शेख कलीमुद्दीन, शैलेन्द्र कुमार उर्फबिहारी और राज पटेल को गिरफ्तार किया गया. दूसरी कार्रवाई पिरदा चौक के सूरज शाह के यार्ड में की गई, जहां 1,500 लीटर डीजल और 40 लीटर पेट्रोल, जिसकी कीमत लगभग 1,40,000 रुपये है, जब्त किया गया. इस मामले में अखिलेश चौबे, नीरज कुमार, अरविंद गोड और रोहित सरोज को गिरफ्तार किया गया. यहां भी एक ट्रक टैंकर, एक चाडी और दो प्लास्टिक पाइप जब्त किए गए.

आरोपियों के पास ज्वलनशील पदार्थों के संग्रहण और बिक्री के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे. दोनों मामलों में थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 492/25 और 493/25 के तहत धारा 287 बी.एन.एस. और 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 46,840 लीटर डीजल-पेट्रोल, जिसकी अनुमानित कीमत 44,30,000 रुपये है, और घटना में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया.

## धान खरीदी उत्सव की तैयारियां शुरू

# मार्कफेड नोडल एजेंसी, करोड़ों का लेगी लोन

### खरीदी केन्द्रों की संख्या बढ़ी, कुशल-अकुशल श्रमिकों की भर्ती, कैप कव्हर के लिए टेण्डर जारी

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की सभी तैयारियां मार्कफेड द्वारा द्वारा कर दी गई है। इस वर्ष भी धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक तराजू, अर्धकुशल, कुशल श्रमिकों एवं परिवहन के लिए टेण्डर आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी करीब एक लाख 20 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा जाएगा। समझा जाता है कि धान खरीदी वर्षा के विलंब से होने के कारण आगामी नवंबर माह से शुरू होगी। राज्य शासन द्वारा अभी धान खरीदी के लिए निश्चित तिथि तय नहीं की गई है। लेकिन समझा जाता है कि 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जाएगी। इस वर्ष पानी गिरने के कारण धान खरीदी विलंब से शुरू होगी। इसके तहत यहां किसानों को सहकारी समितियों में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है, इसके लिए आधार कार्ड, बैंक की पासबुक, फोटोकापी एवं बी1 की कॉपी जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारी सूत्रों के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। मार्कफेड के द्वारा धान खरीदी के लिए विभिन्न संस्थाओं से लोन भी लिया जाता है। यह लोन 25 हजार करोड़ से ज्यादा का होगा।

**धान को वर्षा से बचाने के लिए कैप कव्हर की खरीदी :** मार्कफेड के अपर प्रबंध संचालक द्वारा जारी सूचना के अनुसार खरीफ वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के पश्चात धान को वर्षा बचाने के लिए कैप कव्हर की खरीदी की जाएगी। यह खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से होगी। इसके लिए निविदा 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आमंत्रित की गई है।



### 250 नए खरीदी केन्द्र बनाए गए

राज्य में वर्तमान में 250 नए धान खरीदी केन्द्र बनाए जा रहे हैं। वैसे यहां पर कुल 2200 धान खरीदी केन्द्र हैं। प्रत्येक 5-6 गांवों के पीछे धन खरीदी केन्द्र बनाए जाना है। इसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की जा रही है। वर्तमान में राज्य सहकारी विपणन संघ के अध्यक्ष पदपर कोई जन्म प्रतिनिधि नहीं है। राज्य में धान खरीदी एक महत्पूर्ण कार्य है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एक महत्वूर्ण कार्य है। यह कार्य खाद्य एवं विभाग द्वारा किया जाता है। इसलिए इस कार्य को आप ही जिम्मेवारी पूर्वक कराने की जरूतर है। मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया जाता है, जिसमें कलेक्टर, खाद्य नियंत्रक एवं सहकारी बैंकों को भी आवश्यक जिम्मेदारी दी जाती है।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने मनाया वर्ल्ड हार्ट डे डोंट मिस ए बीट थीम पर जागरूकता सप्ताह

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने वर्ल्ड हार्ट डे 2025 को डोंट मिस ए बीट थीम के साथ मनाया। इस



अवसर पर अस्पताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों, उनके परिजनों और डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना था। अस्पताल की कार्डियोलॉजी टीम द्वारा सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में हेल्थ टॉक्स, मरीजों के साथ संवाद, स्वास्थ्य जांच पैकेज और विशेष जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। इस दौरान डॉक्टरों ने हृदय रोग की रोकथाम, जोखिम कारक और समय पर उपचार के महत्व पर चर्चा की। अस्पताल में आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों में पूर्व मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए और हृदय को स्वस्थ रखने की आदतों पर बातचीत हुई।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने इस मौके पर एक बार फिर यह संदेश दिया कि हृदय स्वास्थ्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम, समय पर जांच और सम्पूर्ण देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। अस्पताल न केवल उन्नत सुविधाओं के साथ आपातकालीन हृदय रोगों का इलाज करता है, बल्कि नियमित जांच, जागरूकता अभियान और जीवनशैली से जुड़ी शिक्षा के जरिए लोगों को समय रहते जोखिम पहचानने और रोकथाम करने के लिए भी प्रेरित करता है। विशेषज्ञों की राय डॉ. संदीप दवे, डायरेक्टर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल प्रिवेंशन हमेशा इलाज से बेहतर है। जागरूकता अभियान और निवारक जांचों के माध्यम से हम लोगों को अपने हृदय स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने और गंभीर जटिलताओं से बचने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं।

अव्यवस्था



**रायपुर, 3 अक्टूबर। सड़क पर मवेशियों के जमावड़ा से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।**

### महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को घर-घर पहुंचाना है: टंकराम

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज बलौदाबाजार पुरानी मण्डी परिसर स्थित ऐतिहासिक गांधी स्मृति स्थल में महात्मा गांधी के आगमन एवं दलित उत्थान के सन्देश के शिलालेख को अनावरण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत परिसर में वृक्षारोपण किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी की स्वच्छता के संदेश को घर-घर पहुँचाना है। इसके साथ ही स्वछता दीदियों को सम्मानित भी किया गया। मंत्री वर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सन 1933 में इस मण्डी परिसर में आगमन हुआ था और उन्होने यहां स्थित कुंए के पानी को दलितों को पिलाकर छुआ-छूत मिटाने का सन्देश दिया था। ऐसे ऐतिहासिक स्थल को सहेजना अत्यंत आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ी इतिहास को जान सके। गांधी स्मृति स्थल जिले की अमूल्य धरोहर है। इसे सहेजने और सांवरने का काम जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा पखावड़ा का समापन इस ऐतिहासिक स्थल पर हो रहा है यह भी गौरव का दिन है। हम सब मिलकर बलौदाबाजार को मॉडल जिला बनाएंगे।

# छत्तीसगढ़ के सात नए जिलों में खुलेंगे केंद्रीय विद्यालय

### शिक्षा व्यवस्था को मॉडल बनाने की कवायद शुरू

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर छत्तीसगढ़ के सात नए जिलों



में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों से जल्द से जल्द विस्तृत प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा है, ताकि नियमों के तहत आगे की कार्यवाही की जा सके। जिन जिलों में ये विद्यालय प्रस्तावित हैं, उनमें बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी शामिल हैं।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने हाल ही में विभागीय समीक्षा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रदेश में केंद्रीय और नवोदय विद्यालय खोलने की योजना भी सामने आई थी। अब शिक्षा विभाग ने केंद्रीय विद्यालयों के लिए केंद्र



सरकार से समन्वय बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसके साथ ही प्रदेश के स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। हर साल 1000 से 1500 स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में तैयार किया जाएगा, जिनमें भवन मरम्मत, पर्याप्त शिक्षक, डिजिटल सुविधाएं और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय इन स्कूलों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा। ये स्कूल सेजेस की तर्ज पर किसी स्वायत्त संस्था के बजाय शिक्षा विभाग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में संचालित होंगे। इस योजना में पीएम श्री स्कूल, सेजेस, इग्नाइट स्कूल और मुख्यमंत्री डीएवी स्कूलों (कुल 72) को भी शामिल करते हुए उन्हें भी मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

**परेशानी** | त्योहारों में सफर करना हुआ मुश्किल

# यूपी-बिहार और बंगाल की ट्रेनें 30 नवंबर तक फुल

**रायपुर, 3 अक्टूबर** त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। हावड़ा उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों लंबी वेटिंग है। दीपावली और छठ पर्व को लेकर ट्रेनें पैक हो गई है। सबसे ज्यादा मारामारी उत्तर-प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, हावड़ा और मुंबई जाने वाली ट्रेनों की है। इस रूट की ट्रेनें 10 से 30 नवंबर तक पैक हो चुकी हैं।

अब दिवाली एवं छठ पूजा पर घर जाने वालों को ट्रेनों में कंफर्म सीट नहीं मिल पा रही है। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहा है ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट की संख्या बढ़ती जा रही है। सीटें बुक होने के बाद यात्रियों का एकमात्र सहारा तत्काल टिकट का है। हालांकि रेलवे यात्रियों कंफर्म बर्थ मिल सके इसलिए आधा दर्जन से अधिक पूजा स्पेशल ट्रेन चला रहा है।

पूजा स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को कुछ राहत मिली है। रेल अफसरों की माने तो त्यौहार के सीजन में वेटिंग लिस्ट बढ़ जाती है। इसी लिए रेलवे पूजा स्पेशल ट्रेन चला रहा है। रायपुर रेलवे स्टेशन से त्योहारी सीजन में 70 से अधिक यात्री आना-जाना करते हैं। त्योहार और गर्मी की छुट्टियों में इनकी संख्या बढ़कर एक लाख के करीब पहुंच जाती है। क्योंकि छत्तीसगढ़ और रायपुर में बड़ी संख्या में उत्तर-भारत के लोग रहते हैं।

इन राज्यों के लिए सीधी ट्रेनें हैं। त्योहार के समय लगभग सभी एडवांस में बुक रहती हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को बस ही बेहतर विकल्प हैं। बस ऑपरेटरों का कहना है कि यूपी के लिए दो रूट पर वैध रूप से यात्री बस संचालित की जा रही है। त्योहारी सीजन में इन रूटों में बसों से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है।



### यात्रियों को सिर्फ तत्काल का सहारा

रेलवे हावड़ा और उत्तर-प्रदेश जाने वाले यात्रियों को राहत पहुंचाते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगा रहा है, लेकिन भीड़ के हिसाब से यह भी नाकाफी नजर आ रहा है। यात्रियों के लिए अब सिर्फ तत्काल टिकट का ही एक विकल्प बचा है। ऐसी स्थिति में तत्काल टिकट मिलना काफी मुश्किल है। इसका कारण यह भी है कि तत्काल कोटे में भी सीमित ही सीट होती हैं जो कुछ ही सेकेंड में बुक हो जाती हैं।

# सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन असगर अली ने दिया स्वच्छता व आत्मनिर्भर भारत का संदेश

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ सेवा पखवाड़े का हुआ समापन

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के ग्राम पंचायत चरौदा, छुरा विधानसभा में जिला अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान, महात्मा गांधी जयंती एवं एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा की उपाध्यक्ष असगर अलीप्रभारी के रूप में सम्मिलित हुए।



असगर अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि हमारा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधीके स्वच्छता और स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को प्रत्येक नागरिक का संकल्प और अभियान बना दिया है। मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम देश के लिए प्रेरणास्रोत बना है। आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी वस्तुओं के अधिकतम उपयोग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत निर्माण में हम सबकी महती भूमिका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी हाजी शेख निज़ाम, जिला महामंत्री इमरान खान, पंचायत अध्यक्ष, पंच-सरपंच सहित ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26